

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-345 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 मार्च 2026 ■ मूल्य 2.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पेश, विपक्ष ने प्रवर समिति को भेजने की मांग की

**रायपुर, 19 मार्च।** विधानसभा में गुरुवार को गृह मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक 2026 पेश किया गया. विपक्ष ने ऐसी ही मामलों के सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने का हवाला देते हुए विधेयक को सदन की प्रवर समिति को सौंपने की बात कही. आसंदी के प्रस्ताव को खारिज करने पर विपक्ष ने चर्चा में भाग लेने इंकार करते हुए सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया. गृह मंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक 2026 पेश किया. नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधेयक पर आपत्ति उठाते हुए कहा कि 11 राज्यों के ऐसे ही मामले पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं, ऐसे में इस पर चर्चा नही होनी चाहिए. विधेयक को विधानसभा की प्रवर समिति को सौंपना चाहिए. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कहीं कोई दिक्कत नहीं है, विधि सम्मत विधेयक लाया गया है.

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से कहीं कोई स्टे नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने यह नहीं कहा है कि इस पर नये कानून न बनाये जाए. राज्य सरकार चाहे तो कानून बना सकती है. प्रवर समिति को दिए जाने के लिए फीडबैक लिए गए हैं. हम सब को विधेयक पर सहमत होकर आगे बढ़ना चाहिए. आसंदी ने नेता प्रतिपक्ष के आपत्ति को खारिज








किया, जिससे नाराज विपक्ष ने आज दिनभर की सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया. इस पर विजय शर्मा ने कहा कि जब भी कोई गंभीर चर्चा होती है तो विपक्ष के लोग बहिर्गमन, बहिष्कार करके जाते हैं. इसे पलायन कहा जाना चाहिए. उनको आदिवासी समाज की पीड़ा से मतलब नहीं है. ये पलायन है पलायन. इसके साथ ही विपक्ष के खिलाफसत्ता पक्ष के विधायकों ने नारे लगाने शुरू कर दिया. विपक्ष के विधायक भी नारेबाजी करते हुए बहिष्कार कर सदन से बाहर निकल गए.

### सदन में उठा सशस्त्र बल वीरता पुरस्कार का मुद्दा

**रायपुर, 19 मार्च।** सशस्त्र बल वीरता पुरस्कार मिलने वाले जवानों-अधिकारियों को नियोक्ता, यानी जिस बल में वे भर्ती होते हैं, उन्हें 1 बार में 20 लाख की सम्मान राशि दी जाती है. उसके अलावा राज्य सरकार की तरफसे उन्हें 20 हजार प्रति माह जीवन भर के लिए दिया जाता है. इस बात की जानकारी गृह मंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में भाजपा विधायक रामकुमार टोप्पो के सवाल के जवाब में दी. विधायक रामकुमार टोप्पो ने गृह मंत्री विजय शर्मा से पूछा कि क्या वीरता कार्य पर पदक प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ राज्य सशस्त्र बल के जवानों-अधिकारियों को कोई सम्मान राशि दी जाती है? 2024 से अब तक कितने जवानों को वीरता पदक प्राप्त हुए हैं? गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों को राष्ट्रपति वीरता पदक एवं वीरता पदक प्राप्त होने पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित मौद्रिक भत्ता प्रदाय किया जाता है, तथा राज्य पुलिस बल कार्मिकों को छत्तीसगढ़ शौर्य पदक प्राप्त होने पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मौद्रिक भत्ता प्रदाय किया जाता है.

## आयुष्मान योजना से इलाज से इंकार, अस्पतालों को शोकॉज नोटिस

**रायपुर, 19 मार्च।** एक तरफ सरकार आयुष्मान योजना की सफ्लता की कहानी कह रही है, वहीं दूसरी ओर राजधानी रायपुर स्थित नामचीन अस्पताल योजना के तहत मरीजों का उपचार करने से इंकार कर रहे हैं. विधानसभा में योजना को लेकर पूछे गए सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, श्री नारायणा हॉस्पिटल, बालगोपाल हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों के खिलाफ शिकायत मिली है, जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने आयुष्मान योजना को लेकर सवाल किया. उन्होंने पूछा कि प्रदेश में आयुष्मान योजना में कितने कार्डधारी हैं, और एक अप्रैल 25 से 15 फरवरी 26 तक कितने हितग्राहियों का आयुष्मान योजनांतर्गत उपचार हुआ? कितनी राशि का भुगतान हुआ? कितनी बची है? राज्यांश और केंद्रांश कितना है? भुगतान लम्बित होने पर कितने लोगों का इलाज नहीं हुआ? कितनी शिकायत आई? कितनी जाँच हुई? प्रदेश में 2.47 करोड़ आयुष्मान योजना के कार्डधारी हैं. 2024 से 2026 तक योजनांतर्गत 22,59,995 लोगों का उपचार हुआ.



## पीएमजीएसवाई में 182 करोड़ के फर्जीवाड़े की सदन में गूंज

### मंत्री ने सीबीआई जांच से किया इंकार

**रायपुर, 19 मार्च।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के काम में विभागीय अफसरों ने जमकर खेला कर दिया है। कांग्रेस के विधायकों ने 181.90 करोड़ के फर्जीवाड़े का मुद्दा उठाते हुए डिप्टी सीएम व विभागीय मंत्री विजय शर्मा से सीबीआई जांच की मांग की। डिप्टी सीएम ने सीबीआई जांच की मांग को खारिज कर दी और विभागीय जांच की संतुस्ति कराए जाने की जानकारी सदन को दी।



विधायक जनक ध्रुव ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जीएसटी परफॉरमेंस सिक्योरिटी, सुरक्षा निधि, परफॉरमेंस गारंटी, रायल्टी राशि आदि के भुगतान हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में राशि रुपये 139.80 करोड़ के भुगतान का मुद्दा उठाया। विधायक ने पूछा, क्या इस राशि के भुगतान और टेंडर के लिए वित्त विभाग से अनुमति और सहमति ली गई थी।

इस पर विभागीय मंत्री डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सदन को बताया, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान वित्त विभाग की अनुमति के बगैर ठेकेदारों को 228 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया था। इस राशि का ना तो बजट में प्रावधान किया गया था और ना ही वित्त विभाग से अनुमति ली गई थी।

### विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सीबीआई जांच की मांग की

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा से पूछा, मामला 200 करोड़ के भ्रष्टाचार का है, सीबीआई जांच की सदन में घोषणा करेंगे क्या। डिप्टी सीएम ने सीबीआई जांच की मांग को खारिज करते हुए कहा,विभागीय जांच होगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे सजा भी होगी। डिप्टी सीएम ने साफकहा, विभागयी जांच करना आवश्यक है प्रशासकीय अनुमति हो गई है सचिव स्तर के अधिकारी से कराएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि जी हां, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जीएसटी परफॉरमेंस सिक्योरिटी, सुरक्षा निधि, परफॉरमेंस गारंटी, रायल्टी की राशि एवं सड़कों के संधारण एवं पुराने कार्यों के भुगतान हेतु वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में राशि रू. 139.80 करोड प्रदान की गई। (ख) जी हां, उक्त राशि का व्यय छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के सहमति अनुसार जीएसटी परफॉरमेंस सिक्योरिटी, सुरक्षा निधि, परफॉरमेंस गारंटी, रायल्टी एवं अनुरक्षण मद के अंतर्गत लंबित देयकों का भुगतान किया गया है। अत: प्रश्न उद्भूत नहीं होता।

## संक्षेप

### नेपाल में चीन के खिलाफ बगावत

**काठमांडू, 19 मार्च।** नेपाल के मोरंग जिले में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने अचानक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी. नेपाल के मनमोहन कॉलेज में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की किताबें जलाने की घटना ने कूटनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है. चीन ने कड़ा विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की है. नेपाल सरकार ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन इस घटना से दोनों देशों के रिश्तों पर असर की आशंका बढ़ गई है. चीन ने इसे गंभीरता से लिया है। मोरंग जिले के मनमोहन टेक्निकल कॉलेज में सैकड़ों किताबों को आग के हवाले कर दिया गया, जिनमें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की चर्चित किताब द गवर्नेंस ऑफ चाइना भी शामिल थी. यह किताब चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के भाषणों और लेखों का कलेक्शन है, जिसे पांच वॉल्यूम में प्रकाशित किया गया था. नेपाल में शी जिनपिंग की किताबों को कचरे की तरह जलाने की घटना ने नेपाल-चीन संबंधों में नया विवाद खड़ा कर दिया है। यह घटना नेपाल के मोरंग जिले के बुढ़ीगंगा स्थित मनमोहन टेक्निकल कॉलेज में शनिवार रात हुई। जहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पुरानी किताबों और दस्तावेजों को जलाया गया। इसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रसिद्ध किताब की सैकड़ों प्रतियां भी शामिल थीं। इसे लेकर चीन ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है।

### हलाला से मुस्लिम महिलाओं को मिलेगी आजादी


**गांधीनगर, 19 मार्च।** गुजरात सरकार ने 'गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026' विधेयक विधानसभा में पेश किया कर दिया। इसके साथ ही गुजरात ने यूसीसी लागू करने वाला दूसरा राज्य बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। विधानसभा से बिल के पारित होने के बाद धर्म, जाति या पंथ की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन संबंध से संबंधित कानून एक जैसे होंगे। मसौदे में शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में कई अहम प्रावधान किए गए हैं। बिल में मुस्लिम महिलाओं को ध्यान में रखकर भी कुछ प्रावधान किए गए हैं। खासकर हलाला प्रथा पर रोक लगाने की व्यवस्था की गई है। मसौदे में कहा गया है कि कोई दंपति तलाक के बाद बिना किसी शर्त दोबारा विवाह कर सकता है। इसमें कहा गया है, 'दोबारा विवाह के अधिकार में तलाक लेने वाले साथी से ही फिर विवाह का अधिकार शामिल है और इसके लिए किसी तरह की शर्त नहीं होगी, जैसे दोबारा मिलन से पहले किसी तीसरे से शादी करना।'

### पोस्टमार्टम के दौरान शव में आई जान

**गुना, 19 मार्च।** अगर पोस्टमार्टम करते समय कोई लाश अचानक उठ खड़ी हो तो नजारा क्या होगा, इसका अंदाजा आप खुद ही लगा सकते हैं। जी हांज अस्पताल में शव का पीएम करने के दौरान कुछ ऐसा ही हुआ, जिससे वहां मौजूद लोगों के होश उड़ गए। एक 'मृत युवक' में अचानक 'जान' आ गई। होश में आते ही वह नग्न हालत में पीएम हाउस से बाहर की ओर भाग निकला। इस घटना से पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया। यह पूरा मामला मध्य प्रदेश के गुना जिले का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक, जॉन पार्टी (20) नामक युवक ने सल्फास खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। सल्फास खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। बताया गया कि जॉन पार्टी मानसिक तनाव में था। हालत बिगड़ती देख उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां तक के तो सब कुछ ठीक था, लेकिन आगे जो हुआ, उसने सभी को अंचभित कर दिया।

## पुलिस आरक्षक के रिक्त पद वेटिंग लिस्ट से भरे जाएंगे

**बिलासपुर, 19 मार्च।** पुलिस आरक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि चयनित अभ्यर्थियों की जॉइनिंग के बाद खाली रह जाने वाले पदों को वेटिंग लिस्ट से भरा जाए. कोर्ट ने साफ कहा कि सभी विज्ञापित पद केवल जारी चयन सूची से भर पाना संभव नहीं है. दरअसल, वर्ष 2024 में पुलिस विभाग द्वारा करीब 5967 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था. याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि कई अभ्यर्थियों ने एक से अधिक जिलों से आवेदन किया और मेरिट में आने पर उन्हें कई जिलों की चयन सूची में शामिल कर लिया गया. इससे वास्तविक रूप से पद खाली रह जाने की स्थिति बन रही है. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि चयन सूची में 5948 अभ्यर्थियों के नाम प्रकाशित किए गए हैं, लेकिन यह संभव है कि एक ही अभ्यर्थी एक से अधिक जिलों में चयनित हो. ऐसे में जब वह किसी एक जिले में जॉइन करेगा, तो बाकी जिलों के पद रिक्त हो जाएंगे. इन रिक्त पदों को बाद में वेटिंग लिस्ट से भरा जाएगा. मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू की सिंगल बेंच ने कहा कि वर्तमान स्थिति में यह स्पष्ट है कि सभी पद चयन सूची से नहीं भर पाएंगे.



## एसआईआर पर विपक्ष लाया स्थगन

### सत्तापक्ष के साथ हुई तीखी नोक-झोंक, आसंदी के अग्राह्य करने पर किया वॉकआउट

**रायपुर, 19 मार्च।** विधानसभा में शून्यकाल के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लोगों के काटे गए नाम पर चर्चा के लिए विपक्ष स्थगन लाया. मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई. आसंदी के इसे भारत निर्वाचन आयोग का विषय बताते हुए स्थगन को अस्वीकार करने पर नाराज विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया.

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने एसआईआर पर स्थगन की सूचना देते हुए कहा कि 19 लाख 13 हजार से ज्यादा लोगों के नाम कटे हैं. ये जो प्रदेश के नागरिक थे, वो लापता हैं. इस मुद्दे पर स्थगन के जरिए चर्चा की मांग है. इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि ये जनहित का, राज्यहित का मुद्दा नहीं है, इसे यहां नहीं उठाया जा सकता. इसे रिकॉर्ड में भी नहीं शामिल किया जाना चाहिए. ये राज्य का मुद्दा ही नहीं है.

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में सब ठीक चल रहा है. विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है, इसलिए ऐसे मुद्दे ला रहे हैं. कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने भाजपा का नाम लिया. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने भाजपा का नाम लेने पर आपत्ति जताई. इसके साथ ही सदन में जोरदार हंगामा शुरू हो गया. पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस होने लगी.










कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि एक पार्टी के लोगों ने दूसरे बूथों के भी मतदाताओं का नाम कटवाया. इसपर चर्चा जरूरी जरूरी है. आसंदी ने भारत निर्वाचन आयोग का विषय बताते हुए स्थगन को अस्वीकार किया. इससे नाराज विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया.

## चुप रहना कायरता नहीं कूटनीति है : थरूर

**नई दिल्ली, 19 मार्च।** भारतीय राजनीति के दिग्गज और पूर्व राजनयिक शशि थरूर ने एक बार फिर अपनी बेबाक राय से सबको चौंका दिया है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी भीषण संघर्ष पर जहाँ कांग्रेस नेतृत्व केंद्र सरकार की 'चुप्पी' को नैतिक हार बता रहा है, वहीं थरूर ने इसे भारत की ÷जिम्मेदार कूटनीति÷ करार दिया है।



अपने लेख में थरूर ने तर्क दिया कि विदेश नीति सिद्धांतों के अकादमिक सेमिनार जैसी नहीं होती। उन्होंने माना कि इजरायल और अमेरिका की कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकती है, लेकिन भारत का संयम किसी डर का नहीं बल्कि रणनीतिक समझदारी का परिचायक है। थरूर ने लिखाः ÷इस संदर्भ में, चुप रहना कायरता नहीं है। यह हमारे राष्ट्रीय हितों और क्षेत्र की वास्तविकताओं के बीच संतुलन को समझने का नतीजा है। सिर्फदिखावा करने से हमारे हित पूरे नहीं होंगे। उनका यह रुख उनकी पार्टी के रुख से बिल्कुल अलग था। पिछले महीने जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले किए, जिसमें कई आम नागरिक और अयातुल्ला अली खामेनेई जैसे बड़े नेता मारे गए, तो कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की। कांग्रेस का कहना था कि सरकार ने इस युद्ध की सीधे तौर पर निंदा क्यों नहीं की।

### PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 19 मार्च। आज से नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। काली माई मंदिर में श्रद्धालुओं ने ज्योति प्रज्वलित किए।

## ट्रक ने बिजली के खंभे को किया क्षतिग्रस्त आक्रोशित ग्रामीणों ने रातभर रोके रखा वाहन

**गरियाबंद, 19 मार्च।** देवभोग डबल लोक से अधिकृत होरा ट्रांसपोर्ट का पैकेट रासायनिक खाद से लदा ट्रक बीते बुधवार की रात झिरिपानी सहकारी समिति के पास एक बिजली खंभे से टकरा गया, जिससे खंभा क्रेक हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और ट्रक को रात भर बंधक बना लिया। इस दौरान हुई बारिश में ट्रक में लदी लगभग 5 लाख रुपये मूल्य की खाद भीगकर खराब हो गई। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लंबी वार्ता और समझाइश के बाद आखिरकार ग्रामीण मान गए और ट्रक को जाने दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, ट्रक झिरिपानी सहकारी समिति खाली कराने पहुंचा था। बुधवार 18 मार्च की रात लगभग 11 बजे ट्रक ने अनियंत्रित होकर बिजली खंभे को टक्कर मार दी, जिससे खंभा क्रैक हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक के रास्ते में लकड़ी और बोल्डर डालकर उसे रोक दिया और रात भर पालियों में पहरा देकर ट्रक को बंधक बना रखा। ग्रामीणों ने मांग की कि जब तक खंभा मरम्मत नहीं हो जाता, ट्रक को नहीं छोड़ा जाएगा। हालांकि, रात भर हुई बारिश में ट्रक में लदा लगभग 5 लाख रुपये मूल्य का 500 पैकेट खाद भीगकर खराब हो गया।

### बारिश में भीग गई 5 लाख की खाद



**ट्रांसपोर्ट प्रतिनिधि की प्रतिक्रिया:** अधिकृत प्रतिनिधि जज सिन्हा ने बताया कि बिजली कार्यालय से खंभे की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। हालांकि आग्रह के बावजूद ग्रामीण ट्रक छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। जज सिन्हा ने कहा कि इस घटना की जानकारी एसडीएम को देकर मदद मांगी गई थी। पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला सुलझाया।

## गडकरी से अचानक मिलने पहुंचे राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली, 19 मार्च।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। यह मुलाकात संसद परिसर में हुई। ये मुलाकात राजस्थान की बसों की सुरक्षा और बस बॉडी निर्माण से जुड़ा था। इसके साथ ही इस बैठक में एनएचएआई परियोजनाओं और राजस्थान में आरटीओ बस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान प्रियंका और राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया क्योंकि हाल में स्लीपर बसों में आग लगने की घटनाओं के बाद केंद्र सरकार ने बस बॉडी निर्माण के लिए नए सुरक्षा नियम जारी किए हैं।

डिलेगेशन ने व्यापार से जुड़ी नीतिगत समस्याओं और नए नियमों से आ रही चुनौतियों को राहुल गांधी के सामने रखा। इसके बाद राहुल गांधी उन्हें साथ लेकर नितिन गडकरी से मिलने पहुंचे, ताकि उनकी समस्याओं पर समाधान निकाला जा सके। वीडियो में गडकरी राजस्थान की कुछ चीज राहुल और प्रियंका को बता रहे थे। गडकरी ने राजस्थान में बस बॉडी बनाने वालों की चीजों को राहुल को बता रहे थे। वो राहुल को बता रहे थे कि बॉडी बनाने वाले ऐसी बॉडी बना देते हैं कि अगर आग लग जाए तो कोई निकल नहीं पाए। ऊपर के हिस्से में भी एसी लगा देते हैं, अगर आग लग जाए तो वहां से भी कोई नहीं निकल पाए। इसके साथ ही इस मुलाकात में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने गडकरी को नियमों के पालन और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिए। इसके बाद गडकरी ने आश्वासन दिया कि नियमों का सख्ती से पालन होगा और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी प्रियंका गांधी ने गडकरी से मिलने की मांग की थी, जिसके तुरंत बाद यह मुलाकात हुई।



### ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी चिंताओं पर चर्चा

मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मुलाकात में ट्रक और बस संबंधी चिंताओं पर चर्ता हुई। प्रियंका ने बताया कि हमने परिवहन मंत्री के सामने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए खर्च होने वाले ज्यादा पैसा और समय लगने का का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि गडकरी जी ने कहा है कि वे उनकी समस्या को जल्दी हल करेंगे।

## भव्य योजना से मिलेंगे लाखों रोजगार



**नई दिल्ली, 19 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिये। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इन फैसलों की जानकारी दी। देखा जाये तो देश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को जमीन पर उतारने के लिए मोदी सरकार ने एक साथ कई बड़े और निर्णायक फैसले लेकर यह साफकर दिया है कि अब विकास केवल नारा नहीं बल्कि ठोस रणनीति बन चुका है। उद्योग, ऊर्जा, आधारभूत संरचना और किसानों के हितों को एक साथ साधने वाली यह श्रृंखला देश की दिशा बदलने की ताकत रखती है।

सबसे बड़ा और सबसे असरदार फैसला है भारत औद्योगिक विकास योजना अर्थात भव्य का शुभारंभ। तैंतीस हजार छह सौ साठ करोड़ रुपये के भारी भरकम निवेश से देशभर में सौ प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। यह सिर्फजमीन पर फैक्टरी लगाने की योजना नहीं है बल्कि उद्योगों के लिए तैयार मंच देने की क्रांति है। अब निवेशक को अनुमति, जमीन, बिजली, पानी और ढांचे के लिए दर दर नहीं भटकना होगा। सब कुछ पहले से तैयार मिलेगा और उद्योग सीधे उत्पादन शुरू कर सकेगा। यह योजना राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से लागू होगी और एक नई प्रतिस्पर्धा पैदा करेगी जिसमें वही राज्य आगे आएंगे जो सुधार और निवेश के लिए तैयार होंगे। एक करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक की सहायता के साथ तैयार कारखाना शेड, गोदाम, परीक्षण प्रयोगशाला और श्रमिक आवास जैसी सुविधाएं उद्योगों को नई ताकत देंगी। यह कदम न केवल रोजगार का विस्फोट करेगा बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक मोड़ साबित होगा।

# भोरमदेव महोत्सव में दिलीप षडंगी, आरू साहू ने शानदार प्रस्तुति दी

■ ऐतिहासिक मंदिर में मनाया गया तीसवां भोरमदेव महोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 19 मार्च ।** मैकल पहाड़ी श्रृंखलाओं से घिरे सुरम्य एवं ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर में 30 वें भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोरमदेव की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण सदस्य श्री भगत पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बालका रामकिनकर वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री नन्द श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, डॉ. वीरेन्द्र साहू, श्रीमती गंगा लोकचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी , जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भोरमदेव महोत्सव में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने बड़ी संख्या ने भाग लिया, जिससे पूरा परिसर भक्ति और उत्सव के माहौल में डूब गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक डॉ दिलीप षडंगी एवं लोकगायक आरू साहू ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। डॉ षडंगी के भक्ति भाव से भरे जसगीतों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वहीं आरू साहू ने छत्तीसगढ़ी गीतों की दमदार प्रस्तुति देकर मंच पर समां बांध दिया, जिससे दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों और स्थानीय कलाकार कस्तूरबा विद्यालय कवर्धा और बोड़ला, बरपानी श्री मोहन, गौ करण यादव, कु. अक्षिता दुबे, युवराज सिंह लोनिया, कु. आद्या पाण्डेय, श्री कौशल साहू (लक्ष्य), सुश्री दुर्गेश्वरी चंद्रवंशी, रिंती लाल, श्री मोहम्मद अनस, श्री पितेलाल पटेल, श्री धनीदास मानिकपुरी और पवन चेलक ने प्रस्तुति दी।

## एक नजर

### तेज रफ्तार वाहन चलाने पर कार्रवाई



**भिलाई, 19 मार्च (तछसं.)।** भिलाई यातायात पुलिस ओवर स्पीड वाहनों पर लगाम लगाने इंटरसेप्टर वाहन से बालान काट रही है। तेज रफ्तार व नियम उल्लंघन करने वाले 2154 वाहन चालकों पर अब तक कार्रवाई की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात )ऋचा मिश्रा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने बताया कि इंटरसेप्टर वाहन में 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा, स्पीड मापन यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर कुल 18 लाख 29 हजार रुपए समंस शुल्क वसूल किया गया है। इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से लगभग 200 मीटर दूरी से ही वाहनों की गति मापी जा रही है, जिससे तेज रफ्तार एवं दुर्घटना संभावित वाहन चालकों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है रफ्तार, नशा, ब्लैक फिल्म व नो पार्किंग पर कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात )ने बताया कि तेज रफ्तार 474 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 3 लाख 96 हजार, नशे में वाहन चलाने सरले 52 चालकों पर 5 लाख 22 हजार, ब्लैक फिल्म, प्रेशर हार्न सहित 60 वाहन चालकों पर कार्रवाई तथा नो पार्किंग व अन्य यातायात नियम उल्लंघन में 1568 चालकों पर कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि वाहन बलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं एवं नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं।

### कार की टक्कर से एक की मौत





**भिलाई, 19 मार्च (तछसं.)।** भिलाई लिटिया सेमरिया चौकी क्षेत्र के सेवती गांव के पास कार ने चार बाइक को टक्कर मार दी कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक साथ चार बाइकों को टक्कर मार दी हादसे में तीन से चार युवक घायल हो गए जिन में से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दो की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है पुलिस ने घायलों को शंकराचार्य अस्पताल ले जाकर भर्ती किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है मिली जानकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान जगमोहन यादव उर्फ जग्गू ( 16 साल ) निवासी इंदिरा नगर चिखली के रूप में हुई है वह अपने दोस्तों के साथ सेवती गांव के पास से 4 बाइकों पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। हरी स्थित एक राइस मिल के सामने जब चारों बाइक पर सवार युवक जा रहे थे इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 04 के एस 1712 के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी हादसे में जगमोहन यादव समेत अन्य बाइक युवक घायल हो गए घटना के बाद कार चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने निजी एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां जगमोहन की हालत गंभीर बनी हुई थी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई लिटिया सेमरिया चौकी मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।

### मोबाइल छीनने वाले गिरफ्तार

**भिलाई, 19 मार्च (तछसं.)।** दुर्ग विधि से संघर्षरत बालकों ने मोबाइल झपटमारी की घटना को अंजाम दिया दोनों ही बालकों को पुलिस ने पकड़ लिया है घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं झपटमारी किया गया मोबाइल जब्त किया गया है मोहित कुमार निवासी ग्राम रुदा थाना अंडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह विद्या श्री आटा फैक्ट्री में महमरा से कार्य समाप्त कर पैदल अपने घर जा रहा था इसी दौरान आबादी पारा महमरा स्थित अमर बिल्डर पेट्रोल पंप के सामने एक स्कूटी में सवार दो अज्ञात लड़कों द्वारा उसके हाथ में रखे ओप्पो कंपनी के मोबाइल फोन को झपट्टा मारकर छीन लिया गया। प्रार्थी द्वारा स्वयं तलाश करने के बाद जब आरोपियों का पता नहीं चला तब प्रार्थी ने चौकी अंजोरा में शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालको द्वारा घटना को अंजाम देना पाया पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी सीजी 07 एलसी 4202 तथा झपटमारी किया गया मोबाइल फोन को विधिवत जब्त किया ।

# फूलों की बरसात, नगाड़ों की गूंज और राम नाम के जयकारों से गूंजा नामदेव सामाजिक भवन - तेरस होली पर दिखा भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 19 मार्च ।** कवर्धा (कबीरधाम)। धर्म नगर स्थित नामदेव सामाजिक भवन में होली तेरस के पावन अवसर पर ऐसा भव्य और यादगार आयोजन हुआ, जिसने पूरे नगर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। नामदेव समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के तैलचित्र के समक्ष विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। जैसे ही दीप प्रज्वलित हुआ, पूरा वातावरण ÷जय श्रीराम÷ के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद आदित्य वहनीय और उनकी टीम ने मंच संभाला और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ भक्ति की ऐसी अलख जगाई कि उपस्थित हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया।

**भक्ति का माहौल रहा**

हनुमान चालीसा के गूंजते स्वर, ढोल-नगाड़ों की ताल 108 बार राम नाम के जाप ने पूरे भवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालु झूमते नजर आए और हर कोई भक्ति के रंग में रंगा दिखा।

**फूलों की होली ने बढ़ाया आकर्षण**

जैसे ही भक्ति कार्यक्रम समाप्त हुआ, माहौल रंगों से सराबोर हो गया। गुलाल के साथ-साथ फूलों की होली खेली गई, जहां लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। फाग गीतों की मधुर धुन और नगाड़ों की गूंज पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं जमकर झूमे।

जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति-

इस भव्य आयोजन में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद दीपक सिंहा, नामदेव समाज के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चंद्रा नामदेव सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और महिला मंडल की अध्यक्ष एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने मिलकर आयोजन की सराहना की।

**संत नामदेव की गाथा से मिला प्रेरणा संदेश**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जीवन और उनकी भक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज को एकता, सेवा

पूजा



**चैत्र नवरात्रि पर्व की सुबह सुबह माँ विंध्यवासिनी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा**

**कवर्धा,19 मार्च।** चैत्र नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन सुबह से ही मां विंध्यवासिनी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने नारियल , केला , मिठाई ,फल एवं फूल चढ़ाकर मां विंध्यवासिनी की पूजा की । श्रद्धालुओं ने कहा की मां विंध्यवासिनी की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है ।

# जामुल-कुरूद में विवाद के चलते बायोफ्यूल प्लांट का बदलेगा स्थल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मार्च।** जामुल-कुरूद क्षेत्र में प्रस्तावित बायोफ्यूल एवं कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट को लेकर चल रहे विवाद पर अब समाधान निकलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय विधायक रिकेश सेन की पहल पर राज्य सरकार ने प्लांट के स्थल परिवर्तन पर सहमति जता दी है। जानकारी के अनुसार नगर निगम भिलाई द्वारा जामुल और कुरूद क्षेत्र में लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से 130 टन प्रतिदिन क्षमता वाला नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट प्रस्तावित किया गया था। इसके लिए 11 दिसंबर 2025 को लीज डीड भी निष्पादित की जा चुकी थी। हालांकि, प्रस्तावित स्थल आबादी के निकट होने के कारण स्थानीय नागरिकों में प्रदूषण एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर चिंता बनी हुई थी। विधायक रिकेश सेन ने इस मुद्दे को सदन में प्रमुखता से उठाया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जनभावनाओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को समझते हुए प्लांट को किसी उपयुक्त निर्जन स्थान पर स्थानांतरित करने पर सहमति दे दी है।

# पाटन क्षेत्र की पंचायतों को गौण खनिज राशि जल्द मिलेगी: कीर्ति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन, 19 मार्च।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2021-22 की लंबित गौण खनिज अनुदान राशि जल्द मिलने की संभावना है। इस संबंध में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने राज्य शासन के खनिज साधन विभाग के प्रमुख सचिव पी. दयानंद से मुलाकात कर पंचायतों की समस्या प्रमुखता से रखी। मुलाकात के दौरान श्रीमती कीर्ति नायक ने बताया कि पाटन क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में गौण खनिज अनुदान राशि लंबे समय से लंबित है, जिसके कारण विभिन्न विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने पंचायतों के विकास एवं ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लंबित राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की। इस पर प्रमुख सचिव पी. दयानंद ने आश्वासन दिया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 की लंबित गौण खनिज अनुदान राशि को इसी मार्च माह में पंचायतों के खातों में अंतरित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है और जल्द ही राशि जारी कर दी जाएगी।

# सुरक्षा सप्ताह का समापन, 715 दिन शून्य दुर्घटना उपलब्धि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सी.एम.एम. विभाग में 17 मार्च को सुरक्षा जागरूकता सप्ताह-2026 का समापन हुआ। मुख्य अतिथि एस. के. बेहेरा सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सुरक्षा कविता, पोस्टर एवं टूल बॉक्स टॉक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, साथ ही पंचायत से कारखाना नाटिका का मंचन भी किया गया। अधिकारियों ने विभाग द्वारा 715 दिनों तक शून्य दुर्घटना बनाए रखने पर बधाई देते हुए सुरक्षा मानकों के सतत पालन पर जोर दिया। बीएसपी श्रेणी में अजय शर्मा एवं संविदा श्रेणी में अबू बशर प्रथम रहे।

# जेपी स्मारक प्रतिष्ठान की परिचर्चा में महंगाई बेरोजगारी पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मार्च।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान में लोकतंत्र और संविधान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, पूंजीवाद सहित विभिन्न मुद्दों पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता प्रो. डी.एन. शर्मा ने वैश्विक परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान हालात मानवता के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के साथ देश की नीतियों, शिक्षा व्यवस्था और नई शिक्षा नीति के प्रभावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा की कमी तथा स्वास्थ्य समस्याओं, विशेषकर किडनी रोग से प्रभावित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए सरकार से गंभीर पहल की आवश्यकता बताई। संयोजक आर.पी. शर्मा ने अपने संबोधन में महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक उपक्रमों की स्थिति और बढ़ते पूंजीवाद पर चिंता व्यक्त की। वहीं समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के प्रदेश महासचिव नंदकिशोर साहू ने प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार पर चिंता जताते हुए युवाओं पर इसके दुष्प्रभावों को गंभीर बताया। कार्यक्रम में कपिल प्रसाद, त्रिभुवन मिश्रा, अरविंद कुमार यादव, त्रिलोक सिंह, मदन श्रीवास्तव तथा विद्या भूषण सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### हिन्दू नववर्ष पर सेक्टर-9 चौक में ध्वजारोहण, महाआरती व सामूहिक हनुमान चालीसा



**भिलाई, 19 मार्च ।** विक्रम संवत हिंदू नववर्ष 2083 के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा 19 मार्च को सेक्टर-9 चौक में आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें विशाल ध्वजारोहण, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हैं। युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि हिंदू नववर्ष सनातन संस्कृति और परंपराओं को सशक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## समाचार संक्षेप

### पानी की किल्लत के चलते सरपंच ने सिंचाई विभाग से पानी छोड़ने की मांग की



**उतई, 19 मार्च (तछसं.)।** तालाब सूखे, हैंडपंप और बोर का जल स्तर गिरा, ग्रामीण क्षेत्र में निस्तारी और पेयजल संकट, सरपंच रवि सिंगौर ने पानी छोड़ने की मांग की पाटन क्षेत्र में लगातार गिरते जलस्तर के कारण अब परंपरागत धार्मिक गतिविधियां भी प्रभावित होने लगी हैं। सुख चुके तालाबों के चलते लोगों के सामने ज्वारा विसर्जन को लेकर परेशानी खड़ी हो गई है।सांकरा, मोतीपुर सहित उत्तर पाटन क्षेत्र के अन्य ग्रामों में पेयजल और निस्तारी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। गांवों के प्रमुख जल स्रोत तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे दैनिक उपयोग के पानी की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है।तालाबों के सूखने का असर अब भूजल स्तर पर भी देखने को मिल रहा है। हैंडपंप और बोर पंप का वाटर लेवल लगातार नीचे गिरता जा रहा है, जिससे पानी की किल्लत और बढ़ गई है।सांकरा के सरपंच रवि सिंगौर ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द पानी छोड़े जाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में जल संकट से राहत मिल सके और लोगों की दैनिक जरूरतों के साथ धार्मिक परंपराएं भी सुचारू रूप से पूरी हो सकें।

### खोपली परिक्षेत्र के ग्रामों में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



**उतई, 19 मार्च (तछसं.)।** पापमोचनी ऐकादसी के दिन भक्त माता कर्मा कि 10010 वीं जयंती खोपली परिक्षेत्र के करगाडीह, खोपली,मचांदुर, चिरपोटी, मतवारी, कातरो में बड़े धूमधाम से मनाया गया. परिक्षेत्र कार्यलय मचांदुर में भक्त माता कर्मा कि महाआरती का आयोजन किया गया तथा विभिन्न ग्रामो में सुबह कलश यात्रा, भक्त माता कर्मा कि पूजा आरती, खिचड़ी महाप्रसादी का वितरण व अतिथि सम्मान व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.उक्त कार्यक्रम में खोपली परिक्षेत्र के पदाधिकारीगण सामिल हुए.पदाधिकारियों ने इस अवसर पर शिक्षा व आर्थिक उन्नति के साथ सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति तथा सामाजिक समरस्ता व एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम गजपाल, उपाध्यक्ष गुलाब साहू, संरक्षक नंदकुमार गजपाल,सलाहकार लेखुदास साहू,संगठन सचिव गजेंद्र गजपाल,न्याय प्रकोष्ठ संयोजक पोषण साहू,सचिव युगल किशोर साहू, कोषाध्यक्ष थानसिंह साहू,सह सचिव मन्नू लाल साहू,न्याय प्रकोष्ठ सह सयोजक रणमत साहू, चंद्रशेखर साहू, वीरेंद्र साहू, उपसरपंच दुष्यंत साहू, लोचन साहू, शिवकुमार साहू, गीतेश्वर साहू, भूपेंद्र साहू, कोमल साहू, ममता साहू तथा विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू व जनपद सदस्य ढालेश भी सामिल हुए. मौके पर प्रत्येक ग्राम इकाई के पदाधिकारीगण व स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे.बोरिगारका व मातरोडीह में भी स्थानीय स्तर पर भक्त माता कर्मा जयंती मनाया गया।

### अर्थ ऑवर पखवाड़ा का शुभारंभ, एक घंटे बिजली बंद करने का आह्वान



**भिलाई, 19 मार्च।** सर्वधर्म सेवा संस्था द्वारा अर्थ ऑवर पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संस्था के संरक्षक वीरेंद्र सतपथी, श्रीमती शहाना कुरैशी एवं इंद्रजीत सिंह (छोटू) के मार्गदर्शन में तथा भिलाई महिला समाज की महासचिव श्रीमती सोनाली रथ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाजसेविका सुमिता दत्ता, सुधा शर्मा एवं संस्था के अध्यक्ष सुरेश खांडवे की उपस्थिति रही। वक्ताओं ने अपने विचारों में महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। संस्था द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे 28 मार्च को अर्थ ऑवर के अंतर्गत रात 8-30 बजे से 9-30 बजे तक अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की अनावश्यक बिजली बंद रखकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दें। कार्यक्रम का संचालन ज्योति शर्मा एवं रघुवंश सैनी ने आभार व्यक्त किया।

### सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित



**भिलाई, 19 मार्च।** क्रांतिकारी समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर कविता पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती कविता रंगारे ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री सम्मान से अलंकृत शमशाद बेगम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्रजीत सिंह (छोटू) की उपस्थिति रही। उनके प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित जनसमूह को उत्साहित किया। इस अवसर पर समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उन महिलाओं के कार्यों की सराहना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। कार्यक्रम में फाउंडेशन की सक्रिय सदस्य प्रज्ञा कांडे, मीना नारनवरे, सुन्या गजभिये, सविता पाटिल, संगीता लहरी, उषा देवी, उर्मिला शर्मा एवं पिंकी सिन्हा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### चैट्रीचण्ड पर्व पर 20 मार्च को मांस विक्रय प्रतिबंधित

**भिलाई, 19 मार्च ।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 20 मार्च शुक्रवार को चैट्रीचण्ड पर्व के अवसर पर पशुवध गृह एवं सभी मांस विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी। नगर निगम प्रशासन ने सभी मांस एवं मटन विक्रेताओं को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### आयुक्त ने फुटबॉल ग्राउंड व ओपन जिम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**भिलाई, 19 मार्च ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-2 स्थित फुटबॉल ग्राउंड एवं विवेकानंद स्कूल के पास बन रहे ओपन जिम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फुटबॉल ग्राउंड का जायजा लेते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि उन्हें बेहतर खेल वातावरण मिल सके। वहीं ओपन जिम के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने इसे नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में गति लाने एवं नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## एक नजर

### पुलिस ने चॉइस सेंटर संचालकों की बैठक लेकर सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए



**बलौदाबाजार 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना पलारी पुलिस द्वारा पलारी अनुविभाग स्थित चॉइस सेंटर संचालकों का सुरक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर बैठक आयोजित किया गया। चॉइस सेंटर में दिन भर में काफी संख्या में लोग रकम जमा करने एवं रकम निकासी के कार्य के लिए आते हैं। इसके साथ ही इस दौरान कई संदिग्ध एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी चॉइस सेंटर के आसपास संपत्ति संबंधी अपराधों को अंजाम देने के लिए घूमते रहते हैं। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए चॉइस सेंटर संचालकों को समुचित सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देशित करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान थाना प्रभारी पलारी द्वारा समस्त चॉइस संचालकों को सेंटर प्रवेश करने वाले प्रवेश गेट एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थान में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे सेंटर आने वाले लोगों एवं सेंटर के आसपास बेवजह घूमने वाले लोगों की पहचान करने में आसानी हो। इसके सांथ ही चॉइस सेंटर संचालकों को अंधेरा होने से पहले चॉइस सेंटर बंद कर अनिवार्य रूप से अपने घर जाने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकांश संचालक दिन भर में विभिन्न कार्य से आए हुए पैसों को लेकर अंधेरा होने अथवा रात्रि में अपने घर आना-जाना करते हैं। रात के अंधेरे में अपराधिक तत्वों द्वारा उनके साथ लूट आदि की घटना घटित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इस कारण समस्त संचालकों को यथासंभव दिन ढलने के पूर्व अपने समस्त काम निपटाकर, अंधेरा होने से पहले ही अपने घर जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### नपाध्यक्ष ने निरीक्षण कर मेला मैदान में अच्छी व्यवस्था के लिए दिए निर्देश

**डोंगरगढ़ 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मां बम्लेश्वरी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर मेला ग्राउंड में मीना बाजार सहित नगर पालिका के द्वारा दुकानों को बनाकर आवंटन करने के साथ ही दुकान लगाने वालों के लिए जमीन को चिह्नांकित कर दिया गया है। लगने वाले दुकानों में खाद्य प्रदार्थ, कपड़े, घरेलू सामान सहित अन्य सामाग्री की दुकानें लगेगी। आज नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के द्वारा मेला प्रांगण में पहुंचकर मीना बाजार सहित लगने वाले दुकानों का निरीक्षण कर साफ सफाई सहित अन्य सुविधा पर ध्यान आकर्षित करते हुवे कहा कि पानी, लाइट की पर्याप्त व्यवस्था हो मेला स्थल में पहुंचने वाले लोगों का विशेष ध्यान रखे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, जिसके लिए उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों को निर्देश दिए, नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि नगर पालिका के द्वारा 350 दुकानों का आवंटन मेला भर के लिए किया गया है, दुकानों को नगर पालिका के द्वारा बनाकर दिया गया है, इन दुकानों में लाइट की भी व्यवस्था की गई। फुटपार्ट में लगने वाले दुकानों की संख्या 150 से अधिक बताई गई है। मेला स्थल के निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे पार्षद हरीश मोटघाघरे सुमित ताम्रकार शिवांगी साखरे नगर पालिका के विजय कोटांगले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे ग्रामीण

**मोहला 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों एवं नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत कोटरा के सरपंच ने शासकीय उचित मूल्य दुकान हेतु पीडीएस गोदाम स्वीकृत करने के संबंध में मांग आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गोदाम के अभाव में वर्तमान में सामुदायिक भवन में खाद्यान्न भंडारण किया जा रहा है, जिससे वितरण कार्य में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिया ई-चालान का प्रशिक्षण

- कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने दिये निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** आगामी 1अप्रैल से सभी शासकीय कार्यालयों में ऑनलाइन चालान जमा किये जाएंगे। ओटीसी (ओवर द काउंटर )के माध्यम से ऑनलाइन चालान जमा करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में बुधवार को जिला कोषालय द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से चालान जमा करने की प्रक्रिया को सूक्षमता से समझने के लियये प्रशिक्षण को गंभीरता से लें। मैनुअल पद्धति से चालान जमा करने में जो त्रुटियां होती थी वह ऑनलाइन माध्यम से नहीं होगी। इसमें सही मद का चयन करना महत्वपूर्ण होगा। बैंक और कोषालय में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद अपने कार्यालय में हैंडस ऑन अभ्यास भी करें ताकि उपयोग अधिक व्यवहारिक हो सके।

बताया गया कि संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भौतिक चलानों को समाप्त कर ऑन लाइन माध्यम से ही चालान जमा करने हेतु ओटीसी की सुविधा गत वर्ष से लागू की गया है।ई -कोष पोर्टल अंतर्गत ई चालान मॉडुल के माध्यम से चालान जमा करने की सुविधा है।

ई- चालान पोर्टल पर चालान जमा करते समय चालान का डाटा बैंक को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया जाता है जिससे बैंक स्तर पर पुनः चालान प्रविष्टि की त्रुटियां नहीं रहती। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा सहित विभिन्न विभागों के आहारण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला अग्रवाल व जिला महिला अग्रवाल संगठन की बैठक में

# इस वर्ष भी 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की



**रायपुर 19 मार्च।** जिला अग्रवाल संगठन एवं रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा होटल लैंडमार्क, पंडरी, रायपुर में आयोजित बैठक पूर्ण रूप से सफल रही। शाम 4 बजे से शुरू हुई यह बैठक सेवा-भाव, सामूहिक सहयोग और संगठनात्मक मजबूती का अनुपम उदाहरण साबित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने की, उन्होंने पिछले वर्ष 51 जोड़ों के सफ्लतापूर्वक संपन्न विवाह आयोजन करने वाली टीम की सराहना करते हुए कहा कि, फिर से वही टीम काम कर रही है, हमारे सदस्य अनुभवी हो चुके है, उसमें और जिन-जिन नए सदस्यों को जोड़ना होगा जोड़कर हम कार्य को गति प्रदान करेंगे, श्री दीनदयाल गोयल जी के माध्यम से प्राप्त सहयोग की घोषणा के लिए, गर्ग परिवार एवं अन्य दानदाता परिवारों का धन्यवाद दिया गया जिनके सहयोग से ही ऐसे बड़े आयोजन सफ्ल हो पाते हैं, उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह किया जाना तय है, प्रत्येक जोड़े पर इस वर्ष लगभग ?100000 खर्च किए जाएंगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहपतनिक उपस्थित रह कर जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। विगत दिनों समाज के प्रतिनिधि मंडल को उन्होंने सहमति प्रदान करते हुए कहा है कि, वह सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में अवश्य सम्मिलित होंगे। सदस्यों ने इस बात का करतल ध्वनि से स्वागत किया और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

संस्था के मार्गदर्शक श्री दीनदयाल गोयल ने अपनी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ, सादगी पूर्ण तरीके से मनाते हुए एक परिवार के चिराग को बुझने से बचाया और उसके इलाज में आया हुआ लाखों का खर्च स्वयं वहन किया, इसके लिए उनका बारंबार धन्यवाद ज्ञापित किया गया। निशुल्क सामूहिक कन्या विवाह अग्रवाल डॉक्टर फोरम सहित अनेक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई और ठोस निर्णय लिए गए।

अब तक हुई सभी तैयारियों की समीक्षा की गई। विभिन्न आयोजन समितियों का गठन पूर्ण किया गया। जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण किया गया और व्यवस्थाओं की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि इस पुण्य कार्य को और भी भव्य एवं पारदर्शी बनाने के लिए हर जिले से समन्वय समिति बनाई जाएगी।

फोरम के गठन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। अग्रवाल डॉक्टर फोरम के संयोजक डॉ निरमेश सिंघानिया, डॉ जितेंद्र सराफ आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, चीफमेडिकल ऑफिसर मेकाहारा डॉ रितेश अग्रवाल, ने अब तक, फोरम के संबंध में हुई तैयारियों की जानकारी साझा की तथा शीघ्र ही फोरम के आधिकारिक गठन, कार्यालय धारकों के चयन और भविष्य की योजनाओं पर अंतिम रूप दिया गया। यह फोरम चिकित्सा क्षेत्र में अग्रवाल समाज की सेवा को नई ऊँचाई देगा।

रायपुर जिला अग्रवाल संगठन द्वारा किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा

जिला स्तर पर अब तक संपन्न विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। सदस्यों ने इन उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और भविष्य में और अधिक जन-कल्याणकारी कार्यों का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल, प्रमुख मार्गदर्शक दीनदयाल गोयल एवं राधेश्याम बंका, प्रांतीय पदाधिकारीगण में एबीसीडी के संयोजक ललित अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष द्वय विष्णु गोयल, मुनीष शाह, पीआरओ महेंद्र बागडोडिया, संगठन मंत्रीअजय खेतान, शिव गोयल, जिला कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल, उच्च शिक्षा ऋष्टा योजना के संयोजक डॉ मोहनलाल अग्रवाल, रघुवीर अग्रवाल, महिला संगठन की संरक्षिका अनीता अग्रवाल, महामंत्री निधि अग्रवाल, नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अनीता मोहनलाल अग्रवाल, महिला जिला संगठन की अध्यक्ष, प्रियंका अग्रवाल, सचिव सारिका खेतान, कोषाध्यक्ष संतोष दिनोदिया, ज्योति शाह, वर्षा अग्रवाल , शशि अग्रवाल, सहित 100 से अधिक सदस्य बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के पदाधिकारियों, रायपुर जिला अग्रवाल संगठन एवं महिला अग्रवाल संगठन के सम्मानित सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। हरिकेश पालीवाल, जिला अध्यक्ष ने कहा,÷यह बैठक मात्र एक साधारण बैठक नहीं, बल्कि समाज-सेवा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 3 मई का कन्या विवाह समारोह और अग्रवाल डॉक्टर फोरम दोनों ही समाज के लिए मील के पत्थर साबित होंगे।

गोविंद अग्रवाल, जिला सचिव, श्रीमती प्रियंका अग्रवाल (जिला अध्यक्ष, महिला 2द्ब्रठ्ठद्द) एवं श्रीमती सारिका खेतान (जिला सचिव) ने बैठक की सफ्लता पर प्रसन्नता व्यक्त की,उन्होंने बताया,÷सभी सदस्यों के सुझावों और सक्रिय सहयोग से हमने सभी तैयारियां समय से पहले पूरा कर ली हैं। अब केवल कार्यान्वयन का चरण बचा है।÷ बैठक का कुशल संचालन प्रांतीय महामंत्री श्री संजय अग्रवाल ने किया, आभार प्रदर्शन डॉ अनीता मोहनलाल ने किया। बैठक के समापन पर सभी सदस्यों ने होली मिलन की शुभकामनाएं भी एक-दूसरे को दीं और आगामी कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## जिले के 1 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगी बकाया बिल भुगतान में छूट

- मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में पंजीयन हेतु लगाई जाएगी शिविर

**बलौदाबाजार,19 मार्च।** कई बार आर्थिक कठिनाइयों के कारण उपभोक्ता बिजली बिल बकाया रह जाता है और समय के साथ उस पर बिजली बिल में अधिभार बढ़ता जाता है। बिजली उपभोक्ताओं की इस समस्या का समाधान हेतु राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना शुरू किया गया है। इस योजना के तहत जिले के 119072 उपभोक्ता बिजली बिल की मूल राशि एवं अधिभार राशि में छूट का लाभ ले सकेंगे। इसमें बीपीएल 55190, घरेलु 52788 एवं कृषि कनेक्शन 11094 उपभोक्ता शामिल है।इन उपभोक्ताओं के लगभग 27 करोड़ 35 लाख बिजली बिल भुगतान बकाया है। योजना के तहत बीपीएल परिवारों को मूल राशि में 75 प्रतिशत, घरेलु एवं कृषि उपभोक्ताओं को 50-50 प्रतिशत छूट मिलेगी। अधिभार राशि में सभी वर्ग के उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत छूट मिलेगी। उपभोक्ता अपनी सुविधा के अनुसार एकमुश्त भुगतान या किस्तों में भुगतान का विकल्प चुन सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को अपना पंजीयन कराना आवश्यक होगा। यह पंजीयन बिजली विभाग की वेबसाइट, मोबाइल एप या नजदीकी कार्यालय में जाकर कराया जा सकता है। योजना की जानकारी एवं उपभोक्ता पंजीयन हेतु सीएसपीडीसीएल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 19 मार्च से शिविर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए उपभोक्ता केंद्रीकृत कॉल सेंटर के टोल-फ्री नंबर 1912 पर संपर्क कर सकते हैं या अपने नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## विशेष ग्रामसभा में जल संचय पर की गई चर्चा, जल संरक्षण के लिए ली गई शपथ




तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर बुधवार को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में विशेष रूप से मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत जल संचयन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही उपस्थितों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। ग्राम सभा में ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण हेतु जल प्रभार के निर्धारण का प्रस्ताव पारित कर ग्राम सभा में अनुमोदन किया गया। जल प्रभार की समस्त प्राप्तियां संग्रहित करने के लिए संबंधित पंजियों का संधारण, पेयजल गुणवत्ता परीक्षण पंजी तथा निरीक्षण पंजी के संधारण हेतु चर्चा, ग्राम पंचायतों में निर्मित समस्त प्रधानमंत्री आवासों में शतप्रतिशत् रूफटॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाये जाने हेतु संकल्प पारित किया गया। इसके साथ ही अन्य विषयो ओर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा के सफ्ल आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया था। नोडल अधिकारियों ने सम्बधित ग्राम सभा में उपस्थित होकर कार्यवाही में शामिल हुए और जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

## राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हॉउस का किया गया निरीक्षण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बुधवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईव्हीएम कक्ष की साफ सफाई एवं एंटीटर्माईट उपचार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के उपरांत वेयर हॉउस के 5 कक्षों में रखे गए ईव्हीएम का बारी -बारी से निरीक्षण किया। ये सभी ईव्हीएम लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रयुक्त हुए थे। इस दौरान साफ-सफाई एवं सीपेज़ की समस्या दूर करने के निर्देश अधिकारियो को दिये गए। इसके पश्चात् सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम में सीसीटीवी कैमरो के फीड एवं टाइमिंग का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### पुलिस ने हिंदू नववर्ष पर ली शांति समिति की बैठक

**बलौदाबाजार 19 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सिटी कोतवाली में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा के संबध मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीओपी बलौदाबाजार, एसडीएम, नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष बलौदाबाजार, तहसीलदार बलौदाबाजार, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, पत्रकारों, नगर के जनप्रतिनिधिगण, सर्व समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण आदि उपस्थित थे। बैठक मे हिंदू नववर्ष शोभायात्रा में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने एवं आपसी सौहार्द का वातावरण बनाए रखने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया।

### स्वच्छता, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पिछले एक वर्श में हुए कई उल्लेखनीय कार्य

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बताई उपलब्धियां

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंबागढ़ चौकी 19 मार्च।** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने आज अपने एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने नगर विकास के लिए पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यो एवं उपलब्धियो को सामने रखा। नगर अध्यक्ष ने कहा की नई परिषद एवं नगर की नई सरकार ने वित्तीय सत्र 25-26 में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार तथा पेयजल, व स्वच्छता के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किए है।

17 मार्च 2025 को नगर की नई सरकार अस्तित्व में आई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी निर्वाचित पार्शदो ने पिछले वर्ष 17 मार्च को शपथ ग्रहण किया था। आज कार्यकाल के एक वर्श पूर्ण होने पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपनी एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियो को सामने रखते हुए कहा की अभी बहुत कुछ करना पेश है। नई परिषद के समक्ष कई चुनौतिया है और मूलभूत समस्याओ के निराकरण की दिशा में आम जनता की काफी अपेक्षाए है लेकिन हम ईमानदारी से सभी कार्य करते हुए शासन व प्रशासन का सहयोग प्राप्त कर लोगो की हर आकांक्षाओ को पुरी करने का प्रयास करेंगे।

**पेयजल सुविधा के लिए बीस किमी पाईप लाईन बिछा :** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की हमारी पहली प्राथमिकता लोगो को पीने का पानी पिलाना है। इसलिए इस दिशा में काफी काम हुआ है और आगे भी प्रयास जारी है। नगर अध्यक्ष ने कहा हमने जल आवर्द्धन योजना अंतर्गत बीस किमी नया पाईप लाईन बिछाया है। इसके अलावा डब्लूटीपी एवं इटेकवेल से जुडे कार्यो में भी काफी प्रगति लाई है। इसके अतिरिक्त पानी की समस्या के निराकरण के लिए प्रभावित वार्डो में मेरेंगांव, कान्हे, परमेष्वरी नगर, बजरंग चौक, गांधी चौक, पटेल पारा सहित अन्य कई स्थानो मे बोर करा कर उसे सीधे पाईप लाईन से जोडा है। नगर अध्यक्ष ने कहा की अभी भी हमे कुछ वार्डो में कार्य करने की आवष्यकता है। इस दिशा में हमारी परिषद एवं हमारी प्रशासनिक टीम कार्य कर रही है।

**स्वच्छता रैकिंग में सुधार के लिए घर घर डस्टबीन वितरण:** नगर अध्यक्ष ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हमारे नगर में साफसफाई के कार्य में सुधार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओ में है। हमने नगरवासियो में स्वच्छता के प्रति व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए पिछले एक वर्ष से निरंतर बिना रूके हर सप्ताह एक दिन श्रमदान अभियान चला रहे है। इसके अलावा लोगो के सोच च व्यवहार में बदलाव के लिए व्यवसायिक एवं घरेलू सेक्टर में हर घर व हर दुकान को डस्टबीन वितरित कर स्वच्छ भारत मिशन को सफ्ल बनाने का आहवान किया है। जिससे हमारे नगर की तस्वीर काफी हद तक बदली है। इसके अलावा हमने शासन के निर्देश पर शासन को सहयोग करने के लिए यूजर चार्ज अनिवार्य रूप से लागू किया है। शासन से जेसीबी मिलने पर हमे सफाई के कार्य में काफी सहायता प्राप्त हो रही हैं। नगर अध्यक्ष ने बताया की स्वच्छता के मामले में अभी भी कई सुधार एवं कार्य करने के साथ साथ लोगो के व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए काम करने की आवश्यकता है। अब हम इस वर्ष नई प्राथमिकताओ को सामने रखकर कार्य कर रहे है।

**नगर में विकास कार्य के लिए मिली करोडो की मंजूरी:** नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया की हमे नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिए राज्य शासन से अधोसंरचना मद से दो करोड रुपए प्राप्त हुए है। इसके अलावा हमारे नगर में करोडो की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पिछली परिषद में अटल परिसर का निर्माण रूका हुआ था। हमने सरकार में आते ही इसे पूर्ण कराया है। नगर अध्यक्ष ने बताया की शिवनाथ तट पर स्थित मुक्तिधाम के उन्नयन के लिए हमे शासन से 25 लाख की मंजूरी मिली है। इसके अतिरिक्त हमने विभिन्न वार्डो में सड़क, नाली एवं सौदर्यीकरण तथा अन्य विकास कार्यो के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा हुआ है।

**विकास कार्यो के लिए शासन से करोडो की जमीन मिली:** एक वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धिया को सामने रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया की हमारी सबसे बडी उपलब्धि नगरीय निकाय के लिए करोडो की जमीन शासन से प्राप्त की है। नगर अध्यक्ष ने बताया की हमे शिवनाथ मुक्तिधाम के समीप एसटीपी निर्माण के लिए एक एकड़ एवं साप्ताहिक बाजार स्थल से कान्हे जाने वाले मार्ग में रजिया पटवा घर के समीप एसटीपी निर्माण के लिए आधा एकड़ जमीन तथा बस स्टैन्ड में प्राइम लोकेशन में करोडो की लागत वाली लगभग आधा एकड जमीन एवं नया बस स्टैन्ड मे सडक निर्माण के लिए लगभग 25 डिसमिल जमीन हमे शासन से प्राप्त हुई है। नगर अध्यक्ष ने बताया की निकाय ने पिछले एक वर्ष में नगर पंचायत की अचल संपत्ति बढाने की दिशा में रिकार्ड उपलब्धि बनाई है।

**सीएम व डिप्टी सीएम का जमाया आभार:** नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपने कार्यकाल के पिछले एक वर्ष में शासन एवं प्रषासन से मिले सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए मीडिया के माध्यम से सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया है। नगर अध्यक्ष ने सीएम विष्णुदेव साय, विभागीय मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव, जिला प्रभारी मंत्री डिप्टी सीएम विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के सचिव, संचालक, एवं जिले की कलेक्टर तुलिका प्रजापति, डीएफ्ओ श्री पटेल, एसपी वाई.पी.सिह, एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य एवं जिला भाजपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी सहित नगर पंचायत परिषद व नगरवासियो का सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार ज्ञापित किया है।

## संपादकीय

# जो पैसा दे उसके लिए नाचते हैं बारात के घोड़े

जीत तो जीत होती है और हार तो हार होती है। चाहे विधानसभा चुनाव में जीत हो या राज्य सभा चुनाव में जीत हो जीतने वाला सफल माना जाता है और हारने वाला असफल माना जाता है,जीतने वाला हीरो होता है और हारने वाला जीरो होता है, जीतने वाले की जयजयकार होती है और हारने वालों में हाहाकार होता है। जीतने वाला इसलिए जीतता है कि उसने जीत की तैयारी की थी, हारने वाला इसलिए हार जाता है उसने जीत के लिए पूरी तैयारी नहीं की थी। चुनाव जीतने पर चुनाव जीतने का श्रेय नेतृत्व को भी जाता है और हार का ठीकरा भी नेतृत्व पर ही फोड़ा जाता है। इसलिए राज्यसभा चुनाव में कहा जा रहा है कि पीएम मोदी को कांग्रेस के विधायकों ने जिता दिया है और राहुल गांधी को कांग्रेस के विधायकों ने हरा दिया है।

राज्यसभा चुनाव 10 राज्यों की 37 सीटों के लिए हुआ। इसमें से तो संख्या बल के कारण भाजपा 37 में 26 सीटें निर्विरोध जीत गई थी और शेष 11 सीटों के लिए चुनाव हुआ और उसका रिजल्ट भाजपा के लिए वाह वाह करने वाला था तो विपक्ष के लिए हाय हाय करने वाला रहा।इन 11 सीटों में पांच सीटें बिहार की,चार सीटें ओडिशा की और दो सीटें हरियाणा की थी।भाजपा का बिहार में पांच में से चार सीटें जीतना तय था लेकिन भाजपा की प्रबंधन क्षमता का कमाल था कि वह बिहार की पांचो में से पांच सीटें जीत गई और बिहार में राजद को विधानसभा चुनाव के बाद फिर एक बार करारी हार का सामना करना पड़ा और इस हार के लिए तेजस्वी यादव बमबम है वह हार के लिए कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं क्योंकि कांग्रेस के तीन विधायक और राजद का भी एक विधायक वोट नहीं डाले और भाजपा को एक सीट ज्यादा मिल गई और राजद को मुंह की खानी पड़ी तो कांग्रेस और अपने विधायक के कारण।

यही हाल ओडिशा में रहा। यहां चार सीटों के लिए चुनाव हुआ।यहां भाजपा ने अपने दो प्रत्याशी तो आसानी से जिता लिए और कमाल की कुशलता दिखाते हुए ऐसा प्रबंध किया उसने एक निर्दलीय को भी जिता लिया और यहां से एक सीट बीजू जनता दल ने जीती और कांग्रेस के हाथ कुछ नहीं आया क्योंकि कांग्रेस के विधायकों के क्रास वोटिंग के कारण ही निर्दलीय विधायक की जीत हुई है। हरियाणा में एक सीट पर भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई है और दूसरी सीट से यहां कांग्रेस प्रत्याशी की जीत बड़ी मुश्किल से हुई तो इसलिए कि पांच वोट अमान्य कर दिए। ऐसा नहीं हुआ होता तो भाजपा यहां भी कांग्रेस को हरा कर निर्दलीय को जिता ले जाती। जैसा उसने ओडिशा में किया और बिहार में किया।राज्यसभा चुनाव में इंडिया ब्लाक को सात सीटों का नुकसान हुआ है चुनाव से पहले राज्यसभा में एनडीए की 126 सीटे थीं,जिनमें से 35 सीटों का परिणाम घोषित हुआ है। इसमें से 22 सीटें एनडीए के खाते में गई हैं।ऐसे में राज्यसभा मे एनडीए की सीटों की संख्या बढ़कर 132 हो गई है। इससे राज्यसभा में एनडीए की ताकत और बढ़ी है तथा विपक्ष पहले से कमजोर हुआ है।

राज्यसभा चुनाव में पहले क्रास वोटिंग का अंदेशा राजद.बीजद, कांग्रेस को था इसके लिए कम से कम कांग्रेस ने अपने विधायकों को खरीदफरोख्त के बचाने के लिए राज्य से बाहर भी भेजा था, लेकिन उसका यह उपाय कोई काम नहीं आया । कांग्रेस के विधायकों ने ओडिशा के साथ ही बिहार में भी क्रास वोटिंग कर कांग्रेस के साथ ही विपक्ष को भी नुकसान पहुंचाया है। इसके लिए कांग्रेस नेतृत्व राहुल गांधी को भी दोष दिया जा रहा है कि वह अपने विधायकों को संभाल कर नहीं रख पाते हैं। उनके विधायक ही उनका कहना नहीं मानते हैं।कांग्रेस इसके लिए भले की भाजपा की आलोचना करे कि वह एक राज्यसभा सीट के लिए भी खरीदफरोख्त करने से बाज नहीं आती है लेकिन कमजोरी तो कांग्रेस नेतृत्व व पार्टी की है कि वह अपने विधायकों को संभाल कर रख नहीं पाते हैं।खरीद फरोख्त की बात आती है तो यह सवाल भी उठता है कि हमेशा कांग्रेस के विधायक ही क्यों बिक जाते हैं। खरीदने वाला कांग्रेस विधायकों को कैसे खरीद लेता है। राहुल गांधी तो खुद कांग्रेस विधायकों की तुलना घोड़े से करते हुए कहते हैं कि जैसे घोड़े दो तरह के होते हैं एक रेस में दौड़ने वाले और दूसरे बारात में नाचने वाले उसी तरह कांग्रेस में विधायक व नेता भी दो तरह के हैं। रेस में दौडने वाले घोड़ों को तो कोई खरीद नहीं पाता है लेकिन बारात में नाचने वाले घोड़ों को कोई भी पैसा देकर नचा लेता है। यह सच है बारात में नाचने वाले घोड़ों की अपनी कीमत होती है और वह कीमत उनको जो देता वह उसके लिए नाचते हैं। ऐसे घोड़े कांग्रेस में होते हैं और ऐसे घोड़े ही बयान देते हैं कि कांग्रेस में सीएम से लेकर विधायक की टिकट के लिए पैसा देना पड़ता है और ऐसे घोड़े जब पैसा देकर विधायक बनते हैं तो जब मौका मिलता है तो वह बारात का घोड़े होने का पैसा वसूल भी कर लेते हैं। जो पैसा देकर टिकट खरीद सकता है,वह वोट देने के लिए पैसा लेता है तो इसलिए तो पैसा लेता है कि उसके पास पैसा होगा तो वह फिर टिकट खरीद लेगा।

---

## सम्मान की आड़ में बढ़ता दिखावा, और संघर्षरत प्रतिभाओं की अनदेखी—क्या ये समारोह प्रेरणा हैं या केवल प्रभाव दिखाने का मंच?

**विशेष**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# प्रतिभा का सम्मान या संबंधों का विस्तार?

देशभर में आईएएस और आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान समारोहों की परंपरा पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। छोटे कस्बों से लेकर महानगरों तक, सामाजिक संस्थाएँ, शैक्षणिक संगठन, राजनीतिक समूह और विभिन्न मंच इन सफल युवाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करते हैं। भव्य पंडाल, मंच पर सजी कुर्सियाँ, मालाओं और शॉल से सुसज्जित अतिथि, और हर क्षण को कैद करते कैमरे—यह सब मिलकर एक उत्सव जैसा माहौल बनाते हैं। पहली दृष्टि में यह परंपरा अत्यंत सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रतीत होती है। आखिरकार, ये वही युवा हैं जिन्होंने वर्षों की कठिन साधना, आत्मसंयम और निरंतर परिश्रम के बल पर देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है।

ऐसे समारोहों का मूल उद्देश्य समाज में प्रेरणा का संचार करना होना चाहिए—विशेषकर उन युवाओं के बीच, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए संघर्षरत हैं। जब कोई छात्र किसी सफल अभ्यर्थी को मंच पर सम्मानित होते देखता है, तो उसके भीतर भी एक उम्मीद जन्म लेती है कि वह भी एक दिन इस मुकाम तक पहुँच सकता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो ये कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा भरने का माध्यम बन सकते हैं।


किन्तु, इस उजले पक्ष के समानांतर एक ऐसा पहलू भी उभरकर सामने आ रहा है, जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। धीरे-धीरे इन समारोहों का स्वरूप बदलता हुआ प्रतीत हो रहा है। कई स्थानों पर यह सम्मान समारोह केवल प्रतिभा का उत्सव न रहकर संबंधों का प्रदर्शन और सामाजिक-राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन बनते जा रहे हैं। मंच पर जितनी चर्चा चयनित अभ्यर्थियों की होनी चाहिए, उससे कहीं अधिक चर्चा आयोजकों, मुख्य अतिथियों और उनके प्रभाव क्षेत्र की होने लगती है।

यह प्रवृत्ति न केवल इन आयोजनों के मूल उद्देश्य को कमजोर करती है, बल्कि समाज में एक गलत संदेश भी प्रसारित करती है—कि सफलता केवल परिश्रम और योग्यता का परिणाम नहीं, बल्कि संबंधों और पहुँच का भी खेल है। यह धारणा उन लाखों युवाओं के मनोबल को प्रभावित कर सकती है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

यहाँ एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है—क्या हम केवल उन लोगों का सम्मान कर रहे हैं जो सफलता की अंतिम सीढ़ी तक पहुँच चुके हैं, या उन लोगों की भी परवाह कर रहे हैं जो उस सीढ़ी पर चढ़ने की कोशिश में संघर्ष कर रहे हैं?

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में आज भी लाखों ऐसे विद्यार्थी हैं, जो प्रतिभा से भरपूर हैं, परंतु संसाधनों की कमी के कारण अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे कस्बों में रहने वाले छात्र अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करते हैं। उनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साधन नहीं होते, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उचित मार्गदर्शन का अभाव होता है, और आर्थिक सीमाएँ उन्हें अपने सपनों से समझौता करने के लिए मजबूर कर देती हैं।

ऐसे छात्र न तो किसी सम्मान समारोह का हिस्सा बन पाते हैं, और




न ही उनके संघर्ष की कहानी कहीं सुनाई देती है। वे चुपचाप अपनी परिस्थितियों से जूझते रहते हैं—कभी खेतों में काम करते हुए, कभी छोटे-मोटे रोजगार के साथ पढ़ाई करते हुए, तो कभी बिना किसी कोचिंग या मार्गदर्शन के स्वयं ही रास्ता खोजते हुए। उनके भीतर भी वही जज़्बा, वही क्षमता और वही सपने होते हैं, जो किसी चयनित अभ्यर्थी के भीतर होते हैं—फर्क केवल इतना है कि उन्हें अवसर और संसाधन समान रूप से उपलब्ध नहीं हो पाते।

इस संदर्भ में यह आवश्यक हो जाता है कि हम सम्मान की परिभाषा को पुनः परिभाषित करें। क्या सम्मान केवल सफलता का उत्सव है, या वह संघर्ष की पहचान भी है? यदि सम्मान केवल उपलब्धि तक सीमित रह जाता है, तो वह अधूरा है। वास्तविक सम्मान वह है, जो उस यात्रा को भी स्वीकार करे, जो सफलता तक पहुँचने से पहले तय की जाती है—और उन कदमों को भी सराहे, जो अभी उस यात्रा पर हैं।

यदि इन सम्मान समारोहों को वास्तव में सार्थक बनाना है, तो उन्हें केवल औपचारिक आयोजन से आगे बढ़ाकर सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाना होगा। इसके लिए कुछ ठोस पहलें आवश्यक हैं।

सबसे पहले, चयनित अभ्यर्थियों को केवल सम्मानित करने तक सीमित न रखकर उन्हें मार्गदर्शक की भूमिका में स्थापित किया जाना चाहिए। यदि हर चयनित अभ्यर्थी कुछ छात्रों का मार्गदर्शन करने का संकल्प ले, तो यह एक बड़ी सामाजिक शक्ति बन सकती है। उनके अनुभव, उनकी रणनीतियाँ और उनका दृष्टिकोण उन छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हो सकते हैं, जो अभी इस यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं।

दूसरा, ऐसे आयोजनों के साथ मेंटरशिप प्रोग्राम, निःशुल्क कोचिंग, पुस्तक बैंक और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं को जोड़ा जाना चाहिए। केवल मंच पर सम्मान देना पर्याप्त नहीं है; आवश्यक यह है कि उस सम्मान को समाज के लिए उपयोगी परिणामों में बदला जाए। यदि एक सम्मान समारोह से दस जरूरतमंद छात्रों को सही दिशा और संसाधन मिल जाएँ, तो उसकी वास्तविक सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

तीसरा, आयोजनों में केवल सफल अभ्यर्थियों को ही नहीं, बल्कि संघर्षरत छात्रों को भी स्थान दिया जाना चाहिए। ऐसे छात्रों को मंच पर बुलाकर उनके प्रयासों की सराहना करना, उनकी कहानियाँ साझा करना और उन्हें प्रोत्साहित करना समाज में एक सकारात्मक संदेश देगा—कि प्रयास भी सम्मान के योग्य है, भले ही परिणाम अभी न मिला हो।

चौथा, इन आयोजनों को दिखावे और भव्यता से मुक्त कर सादगी और सार्थकता की ओर ले जाना होगा। अत्यधिक खर्च, अनावश्यक तामझाम और औपचारिक भाषणों के स्थान पर सार्थक संवाद, अनुभवों का आदान-प्रदान और वास्तविक समस्याओं पर चर्चा अधिक प्रभावी हो सकती है।

इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों—शिक्षकों, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों और प्रशासन—को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। केवल सरकार या किसी एक संस्था के भरोसे परिवर्तन संभव नहीं है। यह एक सामूहिक प्रयास होना चाहिए, जिसमें हर व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे।

मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यदि मीडिया केवल भव्य आयोजनों और बड़ी हस्तियों को ही प्रमुखता देता रहेगा, तो संघर्षरत प्रतिभाओं की कहानियाँ सामने नहीं आ पाएँगी। आवश्यकता इस बात की है कि उन अनसुने चेहरों को भी मंच दिया जाए, जो विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते।

अंततः, यह समझना आवश्यक है कि समाज की वास्तविक शक्ति केवल उसकी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि उसकी संवेदनशीलता में निहित होती है। एक ऐसा समाज, जो केवल सफल लोगों का जश्न मनाता है, वह अधूरा है। पूर्ण समाज वह है, जो अपने संघर्षरत सदस्यों को भी पहचानता है, उनका हाथ थामता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देता है। सम्मान का अर्थ केवल तालियों की गूंज नहीं होना चाहिए; वह एक जिम्मेदारी का संकेत भी होना चाहिए—जिम्मेदारी उस समाज के प्रति, जिसने हमें आगे बढ़ने का अवसर दिया। यदि सम्मान समारोह इस जिम्मेदारी को समझने और निभाने का माध्यम बन जाएँ, तो वे वास्तव में परिवर्तनकारी हो सकते हैं।

अन्यथा, वे केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएँगे—जहाँ मंच तो सजेगा, तालियाँ भी बजेंगी, लेकिन असली बदलाव कहीं पीछे छूट जाएगा।

इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम स्वयं से यह प्रश्न पूछें—क्या हम केवल सफलता का उत्सव मना रहे हैं, या एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहाँ हर प्रतिभा को अवसर मिल सके? जब तक इस प्रश्न का उत्तर ईमानदारी से नहीं दिया जाएगा, तब तक प्रतिभा सम्मान और संबंध प्रदर्शन के बीच की रेखा धुंधली बनी रहेगी।

और शायद तब तक, असली प्रतिभाएँ अपने अवसर का इंतजार करती रहेंगी—बिना किसी मंच, बिना किसी सम्मान, लेकिन पूरे आत्मविश्वास और संघर्ष के साथ।

*(लेखक पीएचडी (राजनीति विज्ञान), एक कवि और सामाजिक विचारक है।)*

---

## शब्द-सामर्थ्य 347


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सु-दोकू 347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.346 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

---

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है।

**वृष:** वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

**मिथुन:** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**सिंह:** सिंह राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। पार्टी में नई जिम्मेदारी मिलेगी।

**कन्या:** कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

**तुला:** तुला राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा।

**धनु:** धनु राशि वालों आज नए कार्य करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको खुशी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे।

**मकर:** मकर राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नई जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लगन और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कुंभ:** कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन धान्य में बढ़ोतरी होगी।

**मीन:** मीन राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आएगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

---

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा : नव-आशा, नव-ऊर्जा और नव-संस्कृति का संदेश

**भारतीय नववर्ष**

**सुनील कुमार महला**

हमारी सनातन,अद्भुत और सुंदर भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने, हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों का सम्मान करने और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक पवित्र और महत्त्वपूर्ण पर्व है नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष), जो चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा भी कहा जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि महाराष्ट्र में इसे गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी या युगादि, कश्मीर में नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड तथा मणिपुर में साजिबू चेइरा ओबा के रूप में इसे उल्लासपूर्वक मनाया जाता है।

### वर्ष 2026 (संवत 2083) है 'रौद्र संवत्सर'


इस साल यानी कि वर्ष 2026 में हिंदू नववर्ष अर्थात विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी। गौरतलब है कि जिस दिन नववर्ष आरंभ होता है, उस दिन का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है और इस बार नववर्ष गुरुवार को होने के कारण वर्ष का राजा देवगुरु बृहस्पति (गुरु) माने जाएंगे, जबकि मंत्री का पद मंगल ग्रह के पास रहेगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार राजा गुरु होने से धार्मिक गतिविधियों और ज्ञान में वृद्धि होगी, वहीं मंत्री मंगल होने के कारण समाज में साहसिक निर्णयों के साथ कुछ उग्रता भी दिखाई दे सकती है। इस वर्ष का संवत्सर 'रौद्र' नाम से जाना जाएगा, जो उग्रता का संकेत देता है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार रौद्र संवत्सर में वर्षा सामान्य से कम रहने की संभावना रहती है, जिसका प्रभाव कृषि और फसलों पर पड़ सकता है। इसके साथ ही उत्तराभाद्रपद नक्षत्र और मीन लग्न में वर्षारंभ होने से प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक उतार-चढ़ाव की स्थितियां भी बन सकती हैं।

### शक्ति की उपासना का भी पर्व है नवसंवत्सर

यह समय चैत्र नवरात्रि के आगमन का भी होता है, जब शक्ति की उपासना के माध्यम से नई ऊर्जा और आध्यात्मिक बल प्राप्त किया जाता है। ठंड की विदाई और गर्मी की शुरुआत के बीच यह पर्व हमें सात्विक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है।उल्लेखनीय है कि हिंदू नववर्ष अंग्रेजी कैलेंडर से लगभग 57 वर्ष आगे चलता है। जहां वर्तमान में अंग्रेजी कैलेंडर का वर्ष 2026 है, वहीं हिंदू नववर्ष 2083 होगा। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं कि शास्त्रों में इसे 'रौद्र संवत्सर' कहा गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने ब्रह्मांड की रचना प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने अपने प्रथम अवतार मत्स्य अवतार धारण किया था।

### उत्साह, उमंग व नवजीवन का प्रतीक है नवसंवत्सर

आज के समय में हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में अपनी परंपराओं को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जनवरी से वर्ष की शुरुआत मानते हैं। जबकि भारतीय परंपरा में वर्ष का आरंभ चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से माना जाता है। दुर्भाग्यवश आज की युवा पीढ़ी को हिंदू पंचांग और महीनों के नामों तक की जानकारी कम होती जा रही है। उन्हें यह जानना चाहिए कि हिंदू पंचांग के महीनों में चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन प्रमुख हैं। चैत्र मास अंग्रेजी कैलेंडर के मार्च-अप्रैल के बीच आता है। वास्तव में जनवरी का महीना हिंदू पंचांग के अनुसार पौष मास होता है। प्राचीनकाल से ही चैत्र मास को नए कार्यों के आरंभ का समय माना गया है,




क्योंकि यह वसंत ऋतु का महीना है। इस समय प्रकृति नवजीवन से भर उठती है। न अधिक ठंड होती है और न ही अधिक गर्मी। इसी कारण पुराने कार्यों का समापन और नए कार्यों की योजना इसी समय बनाई जाती थी। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहीखातों का नवीनीकरण और मांगलिक कार्यों की शुरुआत इसी समय होती है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रह, ऋतु, मास, तिथि और पक्ष की गणना भी चैत्र प्रतिपदा से प्रारंभ मानी जाती है। सूर्य की गति के अनुसार मेष राशि की शुरुआत भी इसी समय मानी जाती है। वास्तव में हिंदू कैलेंडर का प्रथम माह चैत्र और अंतिम माह फाल्गुन है, और विशेष बात यह है कि दोनों ही महीनों का संबंध वसंत ऋतु से है। यह ऋतु उत्साह, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। चैत्र मास के अंतिम दिन पूर्णिमा को चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में स्थित होता है, इसी कारण इस महीने का नाम 'चैत्र' पड़ा। अमावस्या के बाद चंद्रमा मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में प्रकट होकर प्रतिदिन एक-एक कला बढ़ाता हुआ पंद्रहवें दिन चित्रा नक्षत्र में पूर्णता प्राप्त करता है। इसी खगोलीय स्थिति के आधार पर इस मास का नाम चैत्र रखा गया। 'संवत्सर' का अर्थ है ऐसा वर्ष जिसमें बारह महीने होते हैं। विक्रम संवत में महीनों की गणना दो प्रकार से होती है। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में अमावस्या के बाद नया महीना शुरू होता है, जबकि उत्तर भारत में पूर्णिमा के अगले दिन से नया महीना माना जाता है। इसी कारण होली के अगले दिन नया महीना तो आरंभ हो जाता है, लेकिन हिंदू नववर्ष लगभग पंद्रह दिन बाद शुरू होता है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही सतयुग का आरंभ माना गया है। इस महीने में सूर्य अपनी उच्च राशि में होता है और वसंत ऋतु का आगमन होता है। इसलिए इसे 'भक्ति और संयम' का महीना भी कहा जाता है। इसी तिथि को ईरान में नौरोज के रूप में नया वर्ष मनाया जाता है। तिथि और पर्वों का निर्धारण करने वाले ग्रंथ निर्णय सिंधु, हेमाद्रि और धर्म सिंधु में इस तिथि को अत्यंत पुण्यदायी बताया गया है। ब्रह्मांड पुराण में भी इस दिन नए संवत्सर की पूजा का विधान बताया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष प्रतिपदा के दिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग पर्व मनाए जाते हैं-महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, कश्मीर में नवरेह, सिंध में चेटीचंड, केरल में विशु, असम में रोंगाली बिहू आदि। इसी समय चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है और आगे चलकर रामनवमी तक उत्सव का क्रम चलता है।

### हिंदू नववर्ष का ऐतिहासिक प्राकृतिक महत्व

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ऐतिहासिक महत्व भी है। इसी दिन राजा रामचंद्र का राज्याभिषेक हुआ था, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, सिख परंपरा के द्वितीय गुरु गुरु अंगद देव का जन्म हुआ था। यह दिन आर्य समाज की स्थापना का दिवस भी है। इसके साथ ही सिंधी समाज के आराध्य संत झूलेलाल का जन्मदिवस और केशव राव बलीराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी इसी दिन माना जाता है।प्राकृतिक दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इस अवधि में किसानों की फसलें पकने लगती हैं। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह समय शुभ माना गया है और किसी भी नए कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह अत्यंत उत्तम मुहूर्त माना जाता है। इतिहास के अनुसार विक्रम संवत की शुरुआत 58 ईसा पूर्व उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने खगोलविदों की सहायता से व्यवस्थित रूप से की थी। विक्रम संवत का कैलेंडर सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति पर आधारित है। कहा जाता है कि बारह माह का वर्ष और सात दिन का सप्ताह रखने की परंपरा भी इसी कालगणना से विकसित हुई, जिसे बाद में यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने अपनाया।इसके विपरीत अंग्रेजी नववर्ष का संबंध रोमन शासक जूलियस सीज़र से माना जाता है, जिन्होंने ईसा पूर्व 45 में जूलियन कैलेंडर लागू किया और पहली जनवरी को वर्षारंभ घोषित किया।वास्तव में भारतीय नववर्ष प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और खगोलीय घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जबकि अंग्रेजी नववर्ष केवल कैलेंडर परिवर्तन का प्रतीक है। यही कारण है कि चैत्र मास के आगमन के साथ प्रकृति में नवजीवन का संचार दिखाई देता है-पेड़ों में नई कोपलें, फूलों की खुशबू और वातावरण में ताजगी का अनुभव होता है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में इस दिन घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाया जाता है, जो समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। कर्नाटक में उगादि के अवसर पर नीम की कोपल और गुड़ से बना प्रसाद 'बेवू-बेला' खाया जाता है, जो जीवन के कड़वे-मीठे अनुभवों को समान भाव से स्वीकार करने का संदेश देता है। महाराष्ट्र में 'पूरन पोली' बनाकर इस पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं।

अंत में यही कहा जा सकता है कि 'युगादि' शब्द स्वयं नए युग के आरंभ का प्रतीक है। यह केवल कैलेंडर बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नवचेतना, नई आशाओं और नए संकल्पों के उदय का संदेश देता है। भारतीय संस्कृति में समय को केवल दिनों और महीनों की गणना तक सीमित नहीं माना गया है, बल्कि उसे सृष्टि और प्रकृति के अनंत चक्र से जोड़ा गया है।नवसंवत्सर केवल एक नए वर्ष की शुरुआत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, प्रकृति और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का पावन अवसर है। यह हमें नए संकल्प लेने, सकारात्मक सोच अपनाने और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दिन हम अपने जीवन में नई ऊर्जा, नई आशा और नए उत्साह का स्वागत करते हैं तथा अपनी परंपराओं से जुड़कर बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का संकल्प लेते हैं। अतः आवश्यक है कि हम अपनी इस गौरवशाली परंपरा को पहचानें, उसका संरक्षण करें और नई पीढ़ी को भी नवसंवत्सर के महत्व से परिचित कराएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी हमारी सनातन संस्कृति, परंपराओं और उनकी वैज्ञानिकता पर गर्व कर सकें।

# विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 19 मार्च । केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने "माय भारत" के साथ मिलकर राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान (विकसित भारत-जी राम जी युवा डिजिटल अभियान) की शुरुआत की। इस अभियान के तहत क्विज, वीडियो चेलेंज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से देश भर के युवा डिजिटल जन-आंदोलन से जुड़ सकेंगे। अभियान का उद्देश्य ÷विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी (विकसित भारत-जी राम जी) अधिनियम, 2025÷ के प्रति व्यापक जन-जागरूकता फैलाना है। 6 मार्च 2026 से शुरू "60 सेकेण्ड फॉर माय विलेज" नामक राष्ट्रीय स्तर की शॉर्ट वीडियो, रील, एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता युवाओं को अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।जिला दन्तेवाड़ा के जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोण्डा के ग्राम पंचायतों में (विकसित भारत-जी राम जी युवा डिजिटल अभियान) के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतियोगिता आयोजित कर ग्रामीण युवाओं एवं शिक्षित नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। योजना का प्रचार-प्रसार ग्रामीणों की जागरूकता बढ़ाने एवं योजना की समस्त जानकारी उपलब्ध कराने के हेतु मैदानी अमले के अधिकारी, कर्मचारी जोर-शोर से लगे हैं। इस प्रतियोगिता में 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकेंगे और अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन एवं आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतिभागी किसी भी भारतीय भाषा में 30 से 60 सेकंड की अवधि का वीडियो तैयार कर "माय भारत" पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। अभियान से युवा शक्ति, पंचायत की प्रगति÷ की भावना के साथ ग्रामीण भारत के समग्र विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। सभी पात्र प्रतिभागियों को डिजिटल सहभागिता प्रमाणपत्र मिलेगा। उत्कृष्ट वीडियो विषय संबद्धता, रचनात्मकता, मौलिकता, तकनीकी गुणवत्ता, प्रभाव एवं दिशा निर्देश पालन के आधार पर चुने जाएंगे। विजेताओं को प्रमाणपत्र, पुरस्कार के साथ-साथ माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री एवं मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद का अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में युवा भागीदारी हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर सकते है। या फिर द्व४ड्डद्धड्डद्ध.द्दश1.द्बठ्ठ पर भी विजिट किया जा सकता है ÷विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025÷ ग्रामीण रोजगार नीति में क्रांतिकारी बदलाव लाता है। यह ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिनों की मजदूरी रोजगार गारंटी देता है। सशक्तिकरण, समावेशी विकास, योजनाओं के अभिसरण एवं परिपूर्ण के माध्यम से यह ग्रामीण आजीविका विस्तार कर समृद्ध, सक्षम एवं आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण करेगा।

## समाचार संक्षेप

### जल उत्सव पखवाड़े में जल बहिनियों को किट से जल जांच का दिया प्रशिक्षण



दंतेवाड़ा, 19 मार्च (तछसं.)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जल उत्सव पखवाड़े के अंतर्गत, विभाग के कार्यपालन अभियंता के निर्देशानुसार तथा सहायक अभियंता एवं उप अभियंता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जिला दंतेवाड़ा के विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम पंचायत समेली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल बहिनियों को पानी की गुणवत्ता जांच हेतु एफटीके किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें पानी की गुणवत्ता जांच के 10 पैरामीटर के बारे में संक्षिप्त रूप से जानकारी देने के साथ-साथ जांच के अनुसार रजिस्टर को सही तरीके से संधारित (मेंटेन) करने की सलाह भी दी गई। इसके अतिरिक्त जल बहिनियों को ऑनलाइन आईडी बनाना तथा ऑनलाइन एंट्री करना भी सिखाया गया, ताकि वे पानी की जांच से संबंधित जानकारी को समय-समय पर ऑनलाइन दर्ज कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व तथा गांव में संचालित नल-जल योजना की देखरेख और रखरखाव के बारे में भी जागरूक किया गया, जिससे इस योजना का संचालन निरंतर और सुचारू रूप से भविष्य में भी चलता रहे।

### भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

दंतेवाड़ा, 19 मार्च (तछसं.)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार , ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ बढ़ते तापमान को देखते हुए लू से बचाव हेतु विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। भीषण गर्मी की स्थिति में सिर में भारीपन, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर, उल्टी, कमजोरी और शरीर का तापमान अधिक होने पर भी पसीना न आना लू के मुख्य लक्षण होते हैं।अतः इस संबंध में जन साधारण को सलाह दी गई है कि धूप में ज्यादा देर रहने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, जिससे बचाव के लिए आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और निकलते समय सिर व कान को कपड़े से ढंकें। अधिक मात्रा में पानी पिएं, सूती कपड़े पहनें और ओआरएस घोल, फल का रस. लस्सी या मट्ठा का सेवन करें। लू लगने पर प्रारंभिक उपचार के तौर पर पीड़ित के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाने, उसे पंखे के नीचे लिटाएं और शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें। इसके साथ ही कच्चे आम का पना और जलजीरा जैसे पेय पदार्थ पिलाना फायदेमंद होता है। इस संबंध में प्रारंभिक सलाह के लिए आरोग्य सेवा केंद्र के टोल फ्री नंबर 104 पर निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। साथ ही ओआरएस पैकेट के लिए मितानिन या एएनएम से भी संपर्क कर सकते है। किसी भी आपात स्थिति में जिला सर्विलांस इकाई, महामारी नियंत्रण कक्ष या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल इलाज कराए जाए ताकि जनहानि को रोका जा सके।

### आत्मानन्द स्कूल में आयुष विभाग नो छात्र छात्राओं को आयुर्विद्या कार्यक्रम की दी जानकारी



दंतेवाड़ा, 19 मार्च (तछसं.)। भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत् संचालक आयुष विभाग छ.ग के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. जे. आर. नेताम के मार्गदर्शन में आज दिनांक 17 मार्च 2026 को शासकीय आत्मानन्द हायर सेकेण्डरी स्कूल आंवराभाटा में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. जगदम्बा पंडा आयुर्वेद विशेषज्ञ तथा डॉ. रविन्द्र सिंह आयुर्वेद चिकित्सक (आयुर्विद्या कार्यक्रम), डॉ. संतोष कुमार बर्मन (योग चिकित्सक) संयुक्त टीम द्वारा कक्षा 01 से 12 वीं तक लगभग 120 छात्र-छात्राओं का आयुर्विद्या कार्यक्रम के माध्यम से मनुष्य जीवन को निरोग रखने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में उपयोगी कुल 20 औषधीय गुणों से परिपूर्ण पौधों का ज्ञान छात्रों को कराया गया।

### मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत 30 संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

दंतेवाड़ा, 19 मार्च (तछसं.)। कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, ब्लॉक-01, द्वितीय तल, नया रायपुर द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शासकीय संस्था के रूप में संचालित करने के लिए संविदा आधार पर कुल 30 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था।प्राप्त आवेदनों की विभागीय समिति द्वारा स्क्रूटनी की गई है। इसके पश्चात जिला स्तरीय संचालन समिति से अनुमोदन मिलने के बाद पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थी उक्त सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://dantewada.nic.in पर कर सकते हैं। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों से पात्र-अपात्र सूची के संबंध में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक लिखित आवेदन के साथ अपनी दावा-आपत्ति संयुक्त जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग के कक्ष क्रमांक 231 में जमा कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने संबंधित अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि के भीतर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अपील की है।

### वर्कशॉप से चोरी करने वाले गिरफ्तार

भिलाई, 19 मार्च (तछसं.)। भिलाई वर्कशॉप से मशीनी सामान की चोरी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि चौकी जेवरा सिरसा स्थित ग्राम खपरी के एसजे ग्रुप स्टारएक्स मिनरल्स इंडिया के सहायक महाप्रबंधक ने मशीन पार्ट्स पार होने की शिकायत की थी। विवेचना में संदेही कर्मचारियों में कुसुम, जिला पूर्व वर्धमान (पश्चिम बंगाल) हाल निवास ठेलकाडीह निवासी आयोन कोनेर, सलिंदा मुर्शीदाबाद हाल निवास जेवरा सिरसा चंदन घोष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई इसके बाद मामले का खुलासा हुआ।



## एक नजर

### ग्राम पचायतों की निर्वाचक नामावली के लिए रजिस्ट्रीकरण,अपीलीय अधिकारी नियुक्त

दंतेवाड़ा, 19 मार्च । कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत उप निर्वाचन 2006 कराये जाने हेतु 01 अप्रैल 2026 की प्रतिनिर्देश पर विकासखण्डों के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी , सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी को नियुक्त किया गया है। इसके अनुसार अनुविभागीय राजस्व,दंतेवाड़ा, बड़े बचेली और गीदम रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नियुक्त रहेगें। इस क्रम में सहायक रजिस्ट्रीकरण के तौर पर तहसीलदार दन्तेवाड़ा , कटेकल्याण, बड़े बचेली, कुआकोंडा, बारसूर, गीदम को नियुक्त किया गया है। जबकि अपील अधिकारी अपर कलेक्टर दंतेवाड़ा रहेगें। इस प्रकार विकासखंड दन्तेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में फुलनार, केसापुर, मेटापाल-01, कटेकल्याण के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेटम, के अलावा विकासखंड कुआकोंडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत अरनपुर, मदाड़ी, कड़मपाल, जबेली, पालनार, तथा गीदम विकासखंड के अंतर्गत झोड़ियाबाड़म, सियानार, चेरपाल, तुमरीगुंडा पंचायतें शामिल रहेगें।

### सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण 21 से 25 मार्च तक राशन वितरण बंद

दंतेवाड़ा, 19 मार्च । जिले की सभी उचित मूल्य की राशन दुकानों में 21 से 25 मार्च 2026 तक चावल, शक्कर सहित किसी भी प्रकार का राशन सामग्री का वितरण नहीं किया जाएगा। खाद्य संचालनालय द्वारा सॉफ्टवेयर अपडेट तथा नए वित्तीय वर्ष की तैयारी के कारण इस अवधि में राशन वितरण व्यवस्था अस्थायी रूप से बंद रहेगी। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए राज्यभर के राशन स्टॉक का अपडेट किया जा रहा है। इसी प्रक्रिया के तहत सर्वर भी बंद रहेगा, जिसके कारण राशन दुकानों के माध्यम से सामग्री वितरण संभव नहीं होगा।इस संबंध में जिला खाद्य नियंत्रक द्वारा सभी राशन दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ताओं को इस संबंध में पहले से जानकारी दें। साथ ही जरूरतमंद हितग्राहियों को सलाह दी गई है कि वे 21 मार्च से पहले अपना राशन प्राप्त कर लें। विभागीय निर्देशों के अनुसार अधिकांश राशन दुकानों में इस अवधि के दौरान कार्य प्रभावित रहेगा। कई दुकानदारों ने अपने दुकानों के बाहर सूचना चस्पा कर दी है तथा मोबाइल स्टेटस के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी जा रही है। फिलहाल इन पांच दिनों के लिए विभाग की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। 26 मार्च 2026 से राशन वितरण पूर्व की भांति नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगा।

### अप्रैल से जून तक तीन माह के चावल का एकमुश्त वितरण

कांकेर, 19 मार्च । छत्तीसगढ़ शासन नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले के राशन कार्डधारियों को माह अप्रैल से माह जून तक तीन माह का चावल पात्रतानुसार एकमुश्त वितरित जाएगा।जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार जिले के बीपीएल राशन कार्डधारी (अंत्योदय, प्राथमिकता, निःशक्तजन एवं निराश्रित) परिवारों को माह अप्रैल से जून 2026 तक चावल वितरण करने हेतु शासन से एकमुश्त आबंटन प्रदाय किया गया है। इस प्रकार सामान्य राशन कार्डधारियों (एपीएल) को चावल तथा अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, चना गुड़ एवं नकक का वितरण प्रतिमाह पृथक-पृथक अप्रैल से जून के दौरान आबंटन अनुसार वितरण किया जाएगा।

# जनगणना के कार्य समस्त अधिकारी समय सीमा के भीतर पूरा करें:कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 19 मार्च । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में जनगणना कार्य के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना से जुड़े विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनगणना के अंतर्गत भवन नंबरिंग का कार्य आगामी शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर शुरू की जा सके। जिन क्षेत्रों में भवनों की नंबरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां प्रगणकों और सुपरवाइजरों को अपने-अपने सर्किल का ऑफलाइन मैप कागज पर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। इससे क्षेत्रवार जानकारी को व्यवस्थित रूप से संकलित करने में सुविधा होगी।इसके अलावा बैठक में स्वगणना (सेल्फ ऐनुमैरेशन) के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों को स्वगणना की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भागीदारी कर सकें। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी और जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण अंचल से प्रबंधन एवं उद्यमिता की ओर नारी शक्ति

महासमुंद 19 मार्च । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत जिला महासमुंद में समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उन्हें प्रबंधन एवं उद्यमिता के क्षेत्र में स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में परंपरागत रूप से बकरी पालन कार्य से जुड़ी 30 उत्कृष्ट महिला सदस्यों का चयन कर उन्हें उन्नत तकनीकी, प्रबंधन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु दुर्ग जिले के अंजोरा स्थित दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय भेजा गया है। प्रशिक्षण 17 से 19 मार्च तक आयोजित किया गया है।प्रशिक्षण के दौरान महासमुंद की महिला हितग्राहियों को बकरी पालन की आधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक प्रबंधन एवं उद्यमिता कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में नन्हे परिंदे के 42 विद्यार्थियों की ऐतिहासिक सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दंतेवाड़ा, 19 मार्च । जिले के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि नवोदय विद्यालय समिति द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केंद्र ÷नन्हे परिंदे÷ पातररास, दंतेवाड़ा के 42 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। इसके अलावा करीब 20 विद्यार्थी प्रतीक्षा सूची में भी शामिल हैं, जिनके चयनित होने की प्रबल संभावना है। यह उपलब्धि जिले के लिए एक बड़ी शैक्षणिक सफलता के रूप में सामने आई है। उल्लेखनीय है कि ÷नन्हे परिंदे÷ प्रशिक्षण केंद्र दूरस्थ और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने की अभिनव पहल है। यहां विद्यार्थियों को विषयगत अध्ययन, मॉडल टेस्ट, नियमित अभ्यास और व्यक्तिगत मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

इस सफलता के लिए कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन और प्राथमिकता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) द्वारा लगातार मॉनिटरिंग, अकादमिक समीक्षा और फीडबैक के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को मजबूत किया गया।

उल्लेखनीय है कि नन्हे परिंदे केंद्र ने पिछले वर्षों में भी लगातार बेहतर परिणाम दिए हैं और यह पहल जिले में एक सफल शैक्षणिक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुकी है। चयनित विद्यार्थियों की संख्या में हर वर्ष हो रही वृद्धि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे योजनाबद्ध प्रयासों को दर्शाती है। इस उपलब्धि में प्रशिक्षण केंद्र के समर्पित शिक्षकों, सहयोगी स्टाफ, अभिभावकों और विद्यार्थियों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिला प्रशासन और समग्र शिक्षा विभाग ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के भी शीघ्र चयन की उम्मीद जताई गई है। यह सफलता दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलाव, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण प्रयासों का सशक्त उदाहरण है, जो आने वाले समय में और अधिक बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा।

# समाधान योजना अंतर्गत 30 जून तक कर सकते हैं पंजीयन

महासमुंद 19 मार्च । सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत कुल 28,655 बीपीएल विद्युत कनेक्शनधारियों पर लगभग 49 करोड़ रुपए का बकाया है। समाधान योजना के तहत निर्धारित समय सीमा में पंजीयन कर शेष राशि का भुगतान करने पर इन्हें 42.33 करोड़ रुपए तक की छूट मिलेगी और मात्र 7.05 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का सर्वाधिक लाभ छुईपाली, बलौदा, पाटसेन्द्री, बसना ग्रामीण, सरायपाली ग्रामीण, गढ़फुलझर एवं भंवरपुर वितरण केंद्रों के ग्रामीण उपभोक्ताओं को मिलेगा। विभाग द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

योजना के अंतर्गत निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया में 75 प्रतिशत तथा अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं निष्क्रिय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल बकाया में अधिकतम 50 प्रतिशत एवं अधिभार में 100 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। शेष राशि का भुगतान अधिकतम 6 किस्तों में किया जा सकता है, हालांकि किस्तों के साथ छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा।सरायपाली विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री टी.के. पटेल ने बताया कि योजना में पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। उपभोक्ता केवल बीपी नंबर एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से मोर बिजली बिल एप या नजदीकी विद्युत कार्यालय में पंजीयन कर सकते हैं।जगरूकता एवं पंजीयन के लिए बुधवार से प्रत्येक वितरण केंद्र में साप्ताहिक बाजार एवं बड़े गांवों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाने हेतु सहयोग की अपील की गई है।उन्होंने बताया कि सरायपाली बिजली संभाग के 12 वितरण केन्द्रों में छुईपाली वितरण केंद्र में सर्वाधिक 4,800 बीपीएल उपभोक्ता हैं, जिन पर 8.02 करोड़ रुपए बकाया है। समय पर 1.04 करोड़ रुपए जमा करने पर इन्हें 6.99 करोड़ रुपए की छूट मिलेगी। वहीं बलौदा वितरण केंद्र में 3,842 उपभोक्ताओं पर 6.95 करोड़ रुपए बकाया है, जहां मात्र 95 लाख रुपये जमा करने पर 6 करोड़ रुपए की छूट मिलेगी। इसी प्रकार बसना ग्रामीण वितरण केंद्र में 3,738 उपभोक्ताओं पर 7.10 करोड़ रुपए बकाया है, जिसमें 1.04 करोड़ रुपए जमा करने पर 6.05 करोड़ रुपये की छूट प्राप्त होगी।कार्यपालन अंभियंता ने बताया कि लगभग 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन लेने के बाद से एक बार भी बिल का भुगतान नहीं किया गया है। योजना के अनुसार उन्हें अधिकतम 30 यूनिट प्रतिमाह खपत की छूट दी गई थी। इससे अधिक खपत पर बिल का भुगतान करना था जो नहीं किया गया। बीपीएल कनेक्शन में बेसिक सुविधा के लिए इस्तेमाल किया जाना था पर इसके अतिरिक्त अन्य उपकरण का भी इस्तेमाल किया गया है।

### मकान का ताला तोड़कर चोरी

भिलाई। भिलाई सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर थाने पुलिस ने बताया कि आशा नगर मोहन नगर निवासी अमरजीत सिंह ने शिकायत किया था कि अज्ञात ने उनके मकान का ताला तोड़कर हीरे, सोना-चांदी के जेवरात व नगदी रकम पार किया पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया जिसे में संदेही की पहचान की गई इस दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही उत्तर प्रदेश निवासी रविन्द्र पाल गौतम उर्फ राहुल सागर को पकड़ा गया उस के पास से पुलिस ने 4500 रुपए के जेवरात जब्त किया आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# जिले के 38 आत्मसमर्पित माओवादियों ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात



कांकेर, 19 मार्च । लाल आतंक से तेजी से मुक्त होते छत्तीसगढ़ में शांति, विकास और विश्वास की नई तस्वीर सामने आई है। कांकेर जिले के चौगेल (मुल्ला) स्थित पुनर्वास केंद्र से रायपुर गए आत्मसमर्पित माओवादियों ने बुधवार 18 मार्च को विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा से मुलाकात कर मुख्यधारा में लौटने पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने आत्मसमर्पित माओवादियों से आत्मसमर्पण से पहले के जीवन और वर्तमान परिस्थितियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। संवाद के दौरान नक्सलियों ने बताया कि अब उनके जीवन में पहली बार सकारात्मक बदलाव आया है। पहले वे जंगलों में असुरक्षा और भय के बीच जीवन और मौत के बीच अधर में जी रहे थे, वहीं अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।उन्होंने बताया कि मुख्य धारा में लौटकर विकास के वास्तविक पर्याय से वे अब अवगत हुए। उनके क्षेत्रों में अब सड़कों, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे जीवन आसान हुआ है। कुछ आत्मसमर्पित नक्सलियों ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने पहली बार होली जैसे त्योहार को परिवार के साथ मनाया, यह उनके लिए एक नया और सुखद अनुभव रहा।

मुख्यमंत्री श्री साय और उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय केवल व्यक्तिगत बदलाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक बड़ा और साहसिक कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान पर विश्वास जताकर सभी ने एक सकारात्मक और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, रोजगार और सामाजिक पुनर्स्थापन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के नक्सलवाद उन्मूलन के संकल्प को शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक भी उपस्थित थीं।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी की विशेष पहल पर जिले में 38 आत्मसमर्पित माओवादी, जो भानुप्रतापपुर के चौगेल (मुल्ला) में विभिन्न आजीविकामूलक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें एक्सप्लोरर विजिट के तहत रायपुर के विभिन्न स्थलों का तीन दिवसीय भ्रमण कराया गया। इसके अंतर्गत रायपुर के अंबुजा मॉल, ट्राइबल म्यूजियम, रेलवे स्टेशन, पुरखौती मुक्तांगन, मंत्रालय महानदी भवन, विधानसभा भवन आदि महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण आत्मसमर्पित माओवादियों को कराया गया।

# विभूति इंडेन गैस एजेंसी में लोगों को आसानी से सिलेंडर नहीं मिल रहा

■ बड़ी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर की व्यवसायिक उपयोग के लिए की जा रही सप्लाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**खरसिया,19 मार्च।** इंडेन गैस सिलेंडर कंपनी द्वारा पर्याप्त आपूर्ति किए जाने के बावजूद खरसिया विभूति इंडेन गैस एजेंसी द्वारा जानबूझकर कालाबाजारी को प्रश्रय देने के उद्देश्य से घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत बनाई जा रही है। इनके द्वारा पूर्व में दी जा रही ग्राहकों को सुगम एवं व्यवस्थित आपूर्ति व घर पहुंच सेवा को बंद कर अपनी ऑफिस के सामने उपभोक्ताओं को लंबी कतार में खड़े होने बाध्य किया जारहा है। जबकि केंद्र शासन द्वारा बार-बार निर्देश दिए जा रहे है की घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एवं किसी प्रकार की कमी नही है तथा उपभोक्ता ऑनलाइन या मिस्ड कॉल के माध्यम से बुकिंग करे और शासन द्वारा गैस एजेंसियों को दिए गए निर्देशानुसार घर पहुंच सेवा पाएं नगर में घरेलू गैस सिलेंडर को बड़ी मात्रा में कालाबाजारी कर व्यवसायिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है एवं उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने में आना-कानी कर घुमाया एवं परेशान किया जा रहा है। वर्तमान गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए खरसिया प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों को चाहिए की इस गंभीर विषय पर त्वरित कार्यवाही कर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सही समय पर हो सके इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरसिया खाद्य अधिकारी की निष्क्रियता संदेह के दायरे में है।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़, 19 मार्च।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल आदर्श ग्राम स्थायित्व एवं प्लास्टिक तथा फिकल स्लज अपशिष्ट प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण×उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में जिले के सभी 07 जनपद पंचायतों से 10.10 सरपंचए स्वच्छाग्राही समूहए सचिवए बीएसओए बीसीए सीसीए सहायक परियोजना अधिकारीए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरए जिला सलाहकार एवं एसबीएमजी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता से जु? विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई और उनके दायित्वों को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था को प्रभावी बनाना तथा क्थ् प्लस मॉडल ग्रामों की स्थायित्व सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान सीईओ श्री पठारे ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपयोगकर्ता शुल्क एवं स्वच्छता कर्मियों के मानदेय का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। जिससे कार्य में निरंतरता बनी रहे। ग्रामीण जनता को गीला एवं सूखा कचरा अलग.अलग रखने के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके लिए ग्राम स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त पीडब्लूएमयू एवं एफएसटीपी इकाइयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाए रखने तथा ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की स्थायित्व बनाए रखने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि स्वच्छता केवल अभियान नहींए बल्कि एक सतत प्रक्रिया हैए जिसमें जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिसान को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ग्राम.चंद्रपुर के उदय पटेल की स?क दुर्घटना से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। एसडीएम रायग श्री महेश शर्मा ने तहसीलदार पुसौर के प्रतिवेदन के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत किया है।

## एक नजर

### पीएमश्री योजना के तहत विद्यार्थियों ने कोलकाता में लिया ज्ञानविज्ञान का अनुभव

**रायगढ़, 19 मार्च।** पीएम श्री योजना अंतर्गत राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत रायग? जिले के पीएम श्री विद्यालयों के उत्कृष्ट विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का 6 दिवसीय अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण कोलकाता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदीए जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे के निर्देशन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी केवी राव एवं जिला मिशन समन्वयक आलोक स्वर्णकार के मार्गदर्शन में 13 मार्च को एपीसी श्री अभय कुमार पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का दल शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने साइंस सिटीए कोलकाता का अवलोकन कियाए जहां विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों ने उन्हें विज्ञान के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने कोलकाता मेट्रो की यात्रा कर आधुनिक परिवहन व्यवस्था को समझा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के अंतर्गत विद्यार्थियों ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा बिरला तारामंडल में अंतरिक्ष से जु?ी जानकारियां प्राप्त कीं।

### मिशन शक्ति के तहत आई.टी.असिस्टेंट की संविदा भर्ती के लिए आवेदन 6 अप्रैल तक

**धमतरी, 19 मार्च ।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिलाओं की सुरक्षा एवं बचाव के लिए अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरूआत की है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) धमतरी के सुचारू संचालन के लिए आई.टी. असिस्टेंट के रिक्त एक पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत विवरण, शैक्षणिक योग्यता, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन का प्रारूप जिले की वेबसाईट www.dhamtari.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक आवेदक 6 अप्रैल तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-धमतरी में पंजीकृत/स्पीड डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दृष्टिबाधित दिव्यांग लक्की यादव ने अपने सपनों को ही ताकत बना लिया

**महासमुंद, 19 मार्च ।** लक्की यादव निवासी ग्राम तुमाडबरी, महासमुंद जो दृष्टिबाधित दिव्यांग है। अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। दृष्टिबाधित होने के बावजूद लक्की ने अपने सपनों को सीमित नहीं होने दिया, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बना लिया। लक्की यादव समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था फॉर्चुन फाउंडेशन के पूर्व के छात्र है। बचपन से ही लक्की के सामने कई चुनौतियां थीं। जहा सामान्य बच्चों के लिए रोजमर्रा के काम आसान होते हैं, वहीं लक्की को हर कदम पर संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जज्बा हमेशा जीवित रहा। परिवार, विशेषकर उनके पिता श्री कुमार यादव का सहयोग और प्रोत्साहन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बना। लक्की ने खेलों में अपनी रुचि को पहचानते हुए एथलेटिक्स को अपना लक्ष्य बनाया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने लगातार मेहनत की। वर्ष 2020-21 में पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड में रजत पदक तथा वर्ष 2021-22 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान वर्ष 2026 में दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी के रूप में उनका चयन हुआ।

उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए उन्हें जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाते हुए 1500 मीटर दौड़ के पहले दो राउंड में अपनी बढ़त बनाए रखा किन्तु अंतिम राउंड में पदक प्राप्त नहीं कर सकें। उन्होंने हार नहीं मानी और 12 मार्च 2026 को 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया। आज लक्की यादव एक खिलाड़ी के रूप में सभी खिलाड़ियों एवं लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### शालाओं में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने समीक्षा बैठक आयोजित

**महासमुंद 19 मार्च ।** शालाओं में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत नंदनवार की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें जिले के सभी विकासखंडों के बीआरसीसी, बीआरपी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान सीईओ श्री नंदनवार ने प्रत्येक ब्लॉक में संकुल स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षकों की टीम गठित करने के निर्देश दिए, ताकि छात्रों के अधिगम स्तर में प्रभावी सुधार किया जा सके। उन्होंने मेंटर शिक्षकों के चयन, छात्रों का अधिगम आधारित वर्गीकरण तथा संकुल समन्वयकों के दायित्व निर्धारण जैसी तैयारियां अप्रैल माह तक पूर्ण करने को कहा, जिससे लक्ष्य महासमुंद विशेष अभियान स्कूल खुलते ही प्रारंभ किया जा सके।

## ग्राम चौरंगा की आरती गौपालन कर आत्मनिर्भर महिला बनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 19 मार्च।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के सुदूर वनांचल एवं सुंदर पहाड़ियों के बीच बसे लैलूंगा विकासखंड के ग्राम बगुडेगा की निवासी आरती पटेल ने यह साबित कर दिया है कि सफलता केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव की मिट्टी में भी अपार संभावनाएं छिपी होती हैं।

आरती पटेल ने मेडिकल क्षेत्र में डीएमएलटी की पढ़ाई पूरी करने के बाद रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में कार्य किया, लेकिन उनका सपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने का था। वर्ष 2020 में विवाह बाद वे लैलूंगा के समीप ग्राम चोरंगा में एक किसान परिवार में बहू बनकर आईं और यहीं से उनके जीवन ने एक नई दिशा ली। पढ़ी-लिखी होने के कारण उन्होंने शासन की योजनाओं की जानकारियां ली और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली बिहान योजना से जुड़ने का निर्णय लिया। जनपद पंचायत लैलूंगा के मार्गदर्शन एवं जनपद सीईओ के सहयोग से उन्होंने बिहान योजना के माध्यम से ÷संतोषी स्व-सहायता समूह÷ का गठन किया, जिसमें जनपद स्तर के अमले का सराहनीय सहयोग मिला। वर्ष 2025 में समूह के माध्यम से उन्होंने लगभग साढ़े तीन लाख रूपए का ऋण लेकर उन्नत नस्ल की गायों का पालन प्रारंभ किया। वर्तमान में उनके पास कुल नौ गायें हैं, जिनसे प्रतिदिन सुबह-शाम मिलाकर सैकड़ों लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है।

### दूध के साथ वैल्यू एडिशन से बढ़ी आय

आरती पटेल ने केवल दूध उत्पादन तक सीमित न रहकर पनीर, शुद्ध देसी घी एवं खोआ जैसे उत्पाद तैयार करना भी प्रारंभ किया। उनके समूह द्वारा तैयार उत्पादों की सप्लाई रायगढ़ सहित आसपास के जिले मॉल एवं विभिन्न दुकानों में की जा रही है। इससे समूह को प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपए की आय प्राप्त हो रही है। आरती का कहना है कि उन्हें अब पशुधन व्यवसाय से मेडिकल क्षेत्र की तुलना में अधिक आय प्राप्त हो रही है।

### जैविक खेती की दिशा में भी सराहनीय पहल

आरती पटेल द्वारा पशुपालन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। वे गाय के गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर रही हैं, जिसकी मांग स्थानीय किसानों में निरंतर बनी हुई है। उनका मानना है कि जैविक खाद भूमि की उर्वरता बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि यदि उद्यानिकी एवं वन विभाग की नर्सरियों में इस जैविक खाद की मांग बढ़े, तो समूह की आय में और वृद्धि हो सकती है। आरती पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय बिहान योजना, जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत लैलूंगा को देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को परोसी गई खीर-पूरी



**अंवरी, 19 मार्च।** महावीर चौक स्थित शासकीय नवीन प्राथमिक पाठशाला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन मुख्य रूप से शामिल हुईं। यह आयोजन पूर्व पार्षद भारती साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी बच्चों को खीर, पूरी, फलाहार एवं मिठाई वितरित की गई, जिससे बच्चों में खासा उत्साह, प्रसन्नता देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने विद्यालय को भारत माता का आकर्षक चित्र भेंट किया तथा शिक्षकों का सम्मान भी किया।नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।इस अवसर पर पूर्व पार्षद भारती साहू ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजनों का विशेष महत्व है और समाज को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सहयोग करना चाहिए।

प्रधान पाठक दिलीप कुमार देशलहरे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में उत्साह बढ़ता है और विद्यालय के प्रति उनका जुड़ाव मजबूत होता है।

## जल जीवन मिशन से राधा की जिंदगी में आया बदलाव




**रायगढ़, 19 मार्च।** खरसिया विकासखंड के ग्राम पंचायत सोनबरसा के आश्रित ग्राम आाझर में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों ने ग्रामीणों के जीवन में बढ़ा परिवर्तन लाया है। इस बदलाव की एक सशक्त मिसाल हैं श्रीमती राधिका साहू, जिनके घर नल कनेक्शन मिलने से उनकी दिनचर्या पूरी तरह आसान हो गई है। पहले राधिका साहू को प्रतिदिन लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित कुएं से पानी लाना पड़ता था। दिन में तीन से चार बार भारी बर्तनों में पानी भरकर लाना उनके लिए बेहद कठिन काम था। गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण स्थिति और गंभीर हो जाती थीए जिससे उन्हें लंबा इंतजार करना प?ता था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पाइपलाइन बिछाकर घर.घर नल कनेक्शन दिए गए। राधिका साहू के घर में भी नल से पानी की सुविधा मिलने लगी। अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता जिससे उनका समय और श्रम दोनों बच रहे हैं। वे अब अपने घर के काम अधिक व्यवस्थित तरीके से कर पा रही हैं और बच्चों की पढ़ाई व देखभाल पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। राधिका साहू बताती हैं कि अब पानी की चिंता खत्म हो गई है और जीवन पहले की तुलना में अधिक सरल और सुगम हो गया है। यह योजना न केवल उनके लिएए बल्कि पूरे गांव के लिए एक बड़ी राहत साबित हुई है।

## जिले में नशीले पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण के लिए प्रशासन सख्त कदम उठा रहा

### 15 पान ठेलों पर 2450 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई

**रायगढ़, 19 मार्च।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में बीते नशीले पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् अनिल कुमार जगत की अध्यक्षता तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आज रायगढ़ शहर में व्यापक निरीक्षण एवं चालानी कार्रवाई अभियान चलाया गया।

तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉण् विवेक उपाध्याय के नेतृत्व टीम ने शहर के सिग्नल चौक एवं मेडिकल कॉलेज क्षेत्र के आसपास स्थित पान ठेलों एवं तंबाकू विक्रेताओं की सघन जांच की। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में कोटपा एक्ट 2003 के नियमों का उल्लंघन पाया गयाए जिस पर पुलिस विभाग एवं खाद्य एवं औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टरों की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 पान ठेलों पर कुल 2450 रुपये का आर्थिक दंड वसूला। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना चेतावनी के तंबाकू एवं सिगरेट की बिक्री करना तथा अनिवार्य सूचना बोर्ड न लगाना कानूनन अपराध हैए जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अभियान के दौरान केवल दंडात्मक कार्रवाई ही नहींए बल्कि तंबाकू विक्रेताओं को कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम की धारा 4 के तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर श्धूम्रपान रहित क्षेत्रश् का बोर्ड स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य हैए जिसमें उल्लंघन की स्थिति में 200 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसी प्रकार धारा 5 के अंतर्गत तंबाकू उत्पाद बेचने वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान पर श्तंबाकू से कैंसर होता हैश् जैसी चेतावनी लिखी होना आवश्यक है। साथ ही धारा 6 के तहत 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना तथा किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू की बिक्री करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। धारा 7 के अनुसार बिना वैधानिक चित्रित चेतावनी वाले तंबाकू उत्पादों की बिक्री भी दंडनीय अपराध है। इस दौरान सभी पान ठेलों में आवश्यक चेतावनी बोर्ड कोटपा एक्ट बोर्डद्ध का वितरण भी किया गया तथा दुकानदारों को भविष्य में नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।अभियान में चक्रधर नगर क्षेत्र के आरक्षक एमण् मिंज एवं रवि किशोर साय के नेतृत्व में सुश्री सीमा बरेठ ;तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम प्रभारीद्धए सविता रानी साय एवं संतोषी राज ;ड्रग इंस्पेक्टरद्ध की सक्रिय सहभागिता रही। जिले में तंबाकू नियंत्रण को लेकर आगे भी लगातार ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे तंबाकू सेवन से दूर रहें और स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### वनाधिकार पत्र मिलने से बद्रिका कमल सिंह बने आत्मनिर्भर कृषक

**महासमुंद 19 मार्च ।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुखीपाली के कृषक श्री बद्रिका कमल सिंह पटेल वर्षों से वन भूमि पर कृषि कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे, लेकिन भूमि पर वैधानिक अधिकार न होने के कारण उन्हें कई शासकीय योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम स्तर पर उनका दावा फॉर्म भरवाया गया, जिसे उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा परीक्षण के पश्चात पारित किया गया और जिला स्तरीय वन अधिकार समिति से अनुमोदन मिलने के बाद उन्हें 2.35 हेक्टेयर भूमि का वनाधिकार पत्र प्रदान किया गया।वनाधिकार पत्र मिलने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई। अब उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य मिलने लगा है, साथ ही शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का भी लाभ प्राप्त हो रहा है।

## कलेक्टर ने धमतरी जिले के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत राशि के चेक वितरित किए,बधाई भी दी




**धमतरी, 19 मार्च ।** रायपुर साहित्य महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज अपने कार्यालय कक्ष में पुरस्कार राशि के चेक वितरित किए। यह महोत्सव 23 से 25 जनवरी 2026 तक अटल नगर, नया रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित किया गया था, जिसमें देश,प्रदेश के साहित्यकारों एवं युवा प्रतिभाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनोद कुमार पाठक, डॉ. अनिता राजपुरिया उपस्थित थे ।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 5100 रुपये, 3100 रुपये एवं 1500 रुपये की पुरस्कार के चेक सौपे । रायपुर साहित्य महोत्सव 2026 का आयोजन जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित किया गया था ।धमतरी जिले से चयनित प्रतिभागियों ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिला स्तरीय कविता लेखन प्रतियोगिता में स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के सुरेन्द्र कुमार ने प्रथम, टिकेन्द्र कुमार ने द्वितीय एवं हेमंत कुमार साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं, कहानी लेखन प्रतियोगिता में एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय, धमतरी की गीता साहू ने प्रथम, नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय की गीतांजली सोनकर ने द्वितीय तथा भूमिका मरकाम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

कलेक्टर अबिनाश ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा देने के साथ-साथ सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे साहित्य के माध्यम से समाज की सकारात्मक दिशा में अपनी भूमिका निभाएं तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता करें।

## शांति समिति की बैठक में पर्व सद्भाव से मनाने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**रायगढ़ 19 मार्च।** जिले में आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह के निर्देश पर संपन्न हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पोए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनीए नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक मिश्राए एसडीएम श्री महेश शर्माए तहसीलदार श्री शिव डनसेना सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी टोप्पो ने कहा कि जिले में ईद सहित सभी प्रमुख पर्व आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना के साथ मनाए जाते रहे हैं। उन्होंने इस परंपरा को बनाए रखने की अपील करते हुए साफसफाईए पेयजलए विद्युत आपूर्ति एवं यातायात व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनी ने बताया कि ईद के अवसर पर प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक मिश्रा ने सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा अपुष्ट जानकारी साझा न करने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। एसडीएम महेश शर्मा ने आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने तथा नागरिकों से सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को देंए ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। बैठक में ईद के अवसर पर नमाज अदा किए जाने वाले प्रमुख स्थलों घड़ी चौक रामपुर एवं जामा मस्जिद गांजा चौक पर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इन स्थलों पर पेयजल विद्युत साफ सफाई पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी रामनवमी सहित अन्य पर्वों को लेकर भी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई।

**एक नजर**

### दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**रायपुर 19 मार्च।** अभनपुर-राजिम मार्ग पर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां बुधवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक से गिरे युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जवाईबांधा निवासी 20 वर्षीय जिनेंद्र साहू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक पर तीन लोग सवार होकर जा रहे थे, तभी सड़क निर्माण के कारण बने जर्क में पीछे बैठा युवक अचानक गिर पड़ा और उसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। गौरतलब है कि इस मार्ग पर पिछले दो वर्षों से अधिक समय से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान जा रही है। घटना के बाद अभनपुर पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाया है और आज पोस्टमार्टम किया जाएगा, वहीं अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस हादसे के बाद एक बार फिर अधूरे सड़क निर्माण और सुरक्षा इंतजामों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### दो युवकों से 59 लाख के चांदी के जेवरात जब्त

**रायपुर 19 मार्च।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां कोमाखान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये के चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। महासमुंद जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में टेमरी नाका पर पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार के अंदर से करीब 21 किलो 89 ग्राम चांदी के फैंसी आभूषण बरामद हुए, जिनकी कीमत लगभग 54 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। कार में सवार दो लोगों से जब इन आभूषणों के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, तो वे कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने धारा 94 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए आभूषणों के साथ कार को भी जब्त कर लिया। कुल जब्ती की कीमत करीब 59 लाख 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जब्त सामान रायपुर के रहने वाले विरेन्द्र प्रधान और टिकेश कुमार साहू से बरामद किया गया है।

### 18 मार्गों पर सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों पर प्रतिबंध का स्वागत

**रायपुर 19 मार्च।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने पुलिस कमिश्नर श्री संजीव शुक्ला को पत्र लिखकर उनके द्वारा यातायात अधिनियम 1988 की धारा 115 का प्रयोग करते हुए रायपुर नगर के 18 मार्गो पर सुबह 5 बजे से रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर जो



प्रतिबंध लगाया गया है उसकी सराहना की है। श्री रमेश आहूजा ने कहा है कि श्री संजीव शुक्ला ने जबसे पुलिस कमिश्नर का पदभार संभाला है तबसे रायपुर शहर को लगातार सुधारने में लगे है यह उनकी कियाशीलता को दर्शाता है। इसके पहले किसी पुलिस अधिकारी ने रायपुर शहर को इतनी चिंता नहीं की है, इससे श्री शुक्ला के सभी प्रयास स्वागतयोग्य है इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। श्री रमेश आहूजा ने कहा है कि उन्होंने 52 वर्ष के राजनैतिक जीवन में रायपुर शहर के प्रति इतना चिंता करने वाला ऐसा अधिकारी नहीं देखा ।

### ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की बोर्ड बैठक संपन्न

**रायपुर 19 मार्च।** ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में आयोजित राडा ऑटो एक्सपो की ऐतिहासिक सफलता पर सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की और एक-दूसरे को बधाई दी। बैठक की शुरुआत अध्यक्ष श्री रविंदर सिंह जी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर श्री अमर पारवानी, श्री अनिल अग्रवाल, श्री मनीष राज सिंघानिया, श्री विवेक गर्ग, श्री कैलाश खेमानी, श्री विवेक अग्रवाल, श्री सुरिंदर आहूजा एवं श्री अभिनव ऋषि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने ऑटो एक्सपो के सफल आयोजन के अपने अनुभव साझा किए और इस उपलब्धि को टीमवर्क का परिणाम बताया।

**PICTURE-स्टोरी**



रायपुर, 19 मार्च। रसोई गैस सिलेण्डर के लिए गैस एजेंसियों के गोदामों में इस तरह की लंबी कतार रोज लग रही है।

## शासकीय आश्रमों में बच्चियां सुरक्षित नहीं: दीपक बैज

**रायपुर 19 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर जिले के एक शासकीय छात्रावास मे एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई है। पालकों का भरोसा टुटा है। शासकीय छात्रावास मे तीन मासूम बच्चियों के साथ दुराचार हुआ है। बच्चिया गर्भवती हो गयी है। आश्रम प्रबंधन ने मामले को छुपाने के लिए इन पीड़ित बालिकाओं को आश्रम से निकाल कर घर भेज दिया। जबकि ऐसी घटना की जानकारी मिलने के बाद पॉक्सो एक्ट की धारा 19 के तहत आश्रम प्रबंधन को सबसे पहले पुलिस को सूचना देना था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य मे जब से भाजपा की सरकार बनी है, सरकारी आश्रम मे बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। इसके पहले भी बीजापुर के पोटा केबिन मे भी ऐसी ही घटना की जानकारी सामने आई थी 12 वी की छात्रा अनाचार के कारण गर्भवती हो गयी थी। सुकमा में भी ऐसी ही घटना हुई।कोरबा में भी ऐसी ही घटना हुई। रमन राज के समय हुई कांकेर के झलियामारी के जैसे ही बीजापुर की यह घटना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश का मुखिया आदिवासी है। उसके बावजूद वह आदिवासी बच्चियों को सुरक्षा नहीं दे पा रहा। इस घटना की जांच के लिए कांग्रेस जांच दल भेज रही है। इस मामले मे जो भी दोषी हो उनपर कड़ी कार्यवाही की जाय. प्रदेश के सभी छात्रावासों की सुरक्षा की समीक्षा की जानी चाहिए और हर छात्रावास की महिला पुलिस नियमित निगरानी करे।

कांग्रेस ने बीजापुर मामले की जांच के लिये 9 महिला नेत्रियों की कमेटी बनाया है। कमेटी की संयोजक सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष मंगमा, सदस्यगण पीसीसी महामंत्री नीना रावतिया, जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला पंचायत सदस्य बबीता मांडवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिता तेलम, नगर पंचायत अध्यक्ष भोपालपट्नम रिंकी कोरम, गंगालूर सरपंच पायल हेमला है।

## राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में होगा अलग से संचालनालय का गठन

**रायपुर 19 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कल विधानसभा स्थित समिति कक्ष में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद की बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए प्रदेश में अलग से संचालनालय गठन,नवीन हॉस्टल भवन निर्माण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के विकास लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बड़ी संख्या निवास करती है, जिनमें लगभग 95 जातियां एवं उनके उपसमूह निवासरत है। सरकार ने पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग,मंत्रालय गठित किया है, जिससे इन वर्गों के विकास के लिए गति प्रदान की जा सके तथा इनके लिए नवाचार योजनाओं को लागू किया जा सके। इसके अतिरिक्त इन वर्गों के समस्याओं पर सम्यक रुप से विचार कर समस्या का समाधान किया जा सके, जिससे यह समाज भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके।

पिछड़ा वर्ग के विकास हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया है तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग भी गठित किया गया है। इसके लिए लौहशिल्प विकास बोर्ड, रजककार विकास बोर्ड तथा तेलघानी विकास बोर्ड भी गठित किया गया है। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग ने नवीन मुख्य बजट में इन वर्गों के शैक्षणिक विकास हेतु छात्रावास, आश्रम, प्रयास आवासीय विद्यालय संस्थान स्थापित किये गये है। इसके अतिरिक्त पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति विद्यार्थी के खाते में सीधे भुगतान किया जा रहा है। इस हेतु रुपये 150 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु आर्थिक सहायता की योजना मुख्य बजट में लाई गई है, जिसके माध्यम से इंजीनियरिंग, मेडिकल, यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, रेल्वे, बैंकिंग आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वर्तमान में 55 विभागीय छात्रावास स्वीकृत है।

## सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने हॉस्पिटल का किया निरीक्षण, ठेकेदार के विरुद्ध जुर्म दर्ज

**रायपुर 19 मार्च।** रामकृष्ण हॉस्पिटल के सिवरेज की सफाई के दौरान तीन श्रमिकों की मौत होने के मामले में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने अस्पताल का निरीक्षण किया साथ ही मृतकों के परिजनों से भी मुलाक़ात की द्य वहीं इस मामले में ठेकेदार के विरुद्ध जुर्म दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है द्य रामकृष्ण हॉस्पिटल में हुए हादसे के बाद राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने रायपुर पंहुच कर अस्पताल का निरीक्षण किया साथ ही मृतकों के परिजनों से भी मुलाक़ात की द्य श्री गिल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि परिवार के साथ मैंने आज मुलाकात की है बहुत दुख की घड़ी हैज्मैंने उनकी पूरी बातें सुनी की आखिर घटना कैसे घटित हुई थी, उस घटना में क्या हुआ यह जांच का विषय है द्य घटना स्थल पर हमने जांच की वहां पर कुछ खामियां हैं, रात में अस्पताल ने सफाई की



अनुमति क्यों दी, यदि इनको काम करवाना था तो कॉरपोरेशन को सूचित करते, जो भी इसमें दोषी ठहराया जाएगा उसके खिलाफकानूनी कार्यवाही की जाएगी ।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल का बयान

हाल ही में हमारे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में हुई घटना में शामिल तीनों श्रमिकों के निधन की पुष्टि करते हुए हमें गहरा दुख हो रहा है। वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा गहन उपचार के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। ये सभी श्रमिक एक बाहरी ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत थे, जो उनकी निगरानी और सुरक्षा अनुपालन के लिए जिम्मेदार था। इसके बावजूद, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी के तहत उनके परिवारों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। परिजनों के दीर्घकालिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने स्वेच्छा से प्रत्येक परिवार को एक व्यापक सहायता पैकेज देने का निर्णय लिया है। इसमें आर्थिक मुआवजा, परिवार के एक सदस्य के लिए मासिक भरण-पोषण सहायता, नाबालिग बच्चों की पूरी शिक्षा का खर्च, तथा निकट संबंधियों के लिए आजीवन स्वास्थ्य बीमा शामिल है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आंतरिक जांच की जा रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया जा रहा है। इस कठिन समय में हमारी प्राथमिकता शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहयोग और संबल प्रदान करना है। अस्पताल इस चुनौतीपूर्ण समय में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग के लिए रायपुर पुलिस और प्रशासन का आभार व्यक्त करता है।

## मालवाहक वाहनों के प्रतिबंध पर व्यापारी देंगे सुझाव

**रायपुर 19 मार्च।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि ट्रांसपोर्ट व्यवस्था एवं ट्रैफिक समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के बीच संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में आदरणीय पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा व्यापारियों से बेहतर एवं व्यवहारिक सुझाव आमंत्रित किए जाने के परिप्रेक्ष्य में आज विभिन्न व्यापारी संघों के प्रतिनिधियों ने संबंधित क्षेत्रों का संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण (भ्रमण) किया। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी ने बताया कि इस दौरान व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्टेशन रोड, तेलघानी नाका, भैंसथान, गुढियारी, अग्रसेन चौक, प्रभात टॉकीज, संजय गांधी चौक, नहरपारा सहित प्रमुख ट्रांसपोर्ट एवं बाजार क्षेत्रों का निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्था, माल बुकिंग, लोडिंग-अनलोडिंग एवं आवागमन की वास्तविक स्थिति का गहन अवलोकन किया।

## रायपुर स्टेशन पर चलाया गया औचक खानपान जांच अभियान

**रायपुर 19 मार्च।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गाडियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है । स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा गाडियों तथा प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में वाणिज्य विभाग द्वारा 17.03.2026 को दोपहर 2:00 बजे से 18.03.2026 को सुबह 8:00 बजे तक रायपुर स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष गहन अभियान चलाया गया। रायपुर स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की जाँच की गई विशेष रूप से रात की ट्रेनों की जाँच की गई।

## होली मिलन समारोह में दिखी सामाजिक एकता और भाईचारे की मिसाल

**रायपुर 19 मार्च।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, भाईचारे तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया।



कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने समाज के विकास, आपसी सहयोग और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया।

समारोह के दौरान सभी सदस्यों एवं अतिथियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए समाज में एकता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। आने वाले समय में परिचय सम्मेलन कार्यक्रम किया जाएगा।

कार्यक्रम में भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत चक्रधारी, प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चक्रधारी, हरिप्रसाद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

**PICTURE-स्टोरी**




रायपुर, 19 मार्च। धर्मांतरण कानून के विरोध में आज जोगी कांग्रेस ने अमित जोगी के नेतृत्व में रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

**आयोजन** | **नवाचार और उद्यमिता से बदलेंगी महिलाएं**

## उदया कार्यक्रम में गूंजी महिला सशक्तिकरण की आवाज

**रायपुर 19 मार्च।** चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (महिला चेम्बर ), जन शिक्षण संस्थान रायपुर और भावसार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज रायपुर के विमतारा में महिला उद्यमिता पर केंद्रित एक भव्य कार्यक्रम उदया She Leads, She Creats, She Inspires की थीम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उद्यमिता, नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री श्रीचंद सुंदरानी, श्री तिलोकचंद बरड़िया एवं श्रीमती हर्षिता पांडे उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर प्रदेश की नारी शक्ति को उद्यमिता के पथ पर अग्रसर होने का आह्वान किया।



कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (महिला चेम्बर) की अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता ने अपने संबोधन में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज की महिला सिर्फ घर की धुरी नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की शक्ति है। ÷उदया÷ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प है उन महिलाओं के लिए जो अपनी आँखों में सपनों के साथ समाज में बदलाव लाना चाहती हैं। जब एक महिला उद्यमी बनती है, तो वह न केवल अपने परिवार को सहारा देती है, बल्कि कई अन्य परिवारों के लिए रोजगार के द्वार भी खोलती है। हमें पारंपरिक सोच की बेड़ियाँ तोड़कर नवाचार को अपनाना होगा। छत्तीसगढ़ की मिट्टी में वह सामर्थ्य है कि यहाँ की बेटियाँ ग्लोबल मार्केट में अपनी पहचान बना सकें। हमारा लक्ष्य है कि हर महिला के पास हुनर हो और उस हुनर को व्यापार में बदलने का साहस हो।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें विशेषज्ञों ने महिलाओं को व्यापारिक बारीकियों से अवगत कराया जिसमें आर्थिक सम्पन्नता सत्र पर आईआईएम रायपुर की डॉ. रश्मि शुक्ला ने वित्तीय प्रबंधन और आर्थिक सुदृढ़ता पर विशेष सत्र लिया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे छोटे निवेश से बड़े व्यापार की नींव रखी जा सकती है।

महिला सशक्तिकरण पर सरकारी योजनाओं के बारे में CSIDC एवं MSME के वरिष्ठ अधिकारियों ने केंद्र व राज्य सरकार की महिला उद्यमिता योजनाओं की जानकारी पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी। उन्होंने मुद्रा लोन, सब्सिडी और सरकारी पंजीकरण आदि की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया।

प्रत्यक्ष वार्तालाप सत्र में प्रसिद्ध उद्योगपति श्री रमेश अग्रवाल, जीके टीएमटी रियल इस्पात एवं प्रसिद्ध महिला उद्यमी सुश्री रूही अग्रवाल ने प्रतिभागियों के साथ सीधा संवाद किया और व्यापारिक चुनौतियों व उनके समाधान पर अपने अनुभव साझा किए तथा किस प्रकार एक छोटे व्यापार को दस लाख करोड़ के टर्नओवर का व्यापार बनाने तक अपना सफरनामा बताया।

## स्काउट एवं गाइड्स की बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा

**रायपुर 19 मार्च।** सी एन एस/रायपुर भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ की बैठक जिला कार्यालय में जिला संघ के अध्यक्ष श्री जी स्वामी जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय जी के निर्देशन में रखी गई सत्र 2026 -27 की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।वार्षिक कैलेंडर अनुसार गतिविधि, निजी शालाओं में स्काउटिंग गतिविधि में बढ़ावा आय व्यय,मेंबरशिप ग्रोथ, हाइक, मैग्जीन वृहद वृक्षारोपण स्वच्छता,जिला रैली पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई बैठक में पूर्व राज्य प्रशिक्षण आयुक्त टी. के. एस.परिहार जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला डीटीसी शाहिना परवीन डीओसी स्काउट हेमंत शुक्ला डीओसी गाइड डॉ.लक्ष्मी नायक सीनियर स्काउटर रामपाल तिवारी, रोहित वर्मा सचिव विकासखंड आरंग, मुकेश बोरकर विकासखंड सचिव धरसीवा, भूपेश कुमार साहू विकासखंड सचिव अभनपुर ,नमन साहू उपस्थित थे।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26